वर्ष : 03
अंक : 34
पृष्ठ : 08
मूल्य : तीन रुपये

वाराणसी, शनिवार, 25 मई, 2024

लोकतंत्र की निष्पक्ष आवाज

परिवर्तन दूत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2023/84879

4 संविधान की मूल भावना को बिना...

mail : pdnewsvns@gmail.com e-paper:www.parivartandoot.com

बोर्ड ने भारत को कोच के पद... 7

संक्षिप्त खबरें

शीला दीक्षित के बेटे ने की पीएम मोदी की तारीफ

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और दिल्ली की पूर्व सीएम दिवंगत शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने पीएम मोदी की तारीफ की है। दरअसल प्रधानमंत्री ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में शीला दीक्षित की प्रशंसा की थी। मोदी ने कहा था कि मैं व्यक्तिगत तौर पर शीला जी का काफी सम्मान करता हूं। शीला जी को काफी बदनाम किया गया। संदीप दीक्षित ने मोदी के इंटरव्यू की क्लिप को रिपोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, ह्यहमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, लेकिन यह खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री ने शीला जी और उनके योगदान को याद किया। सार्वजनिक जीवन में ऐसा शिष्टाचार आवश्यक है।

मालीवाल केस से लोग नाराज- बीजेपी

नई दिल्ली। भाजपा ने शुक्रवार को स्वाति मालीवाल मारपीट केस को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना की। साथ ही दावा किया कि आप दिल्ली में लोकसभा चुनाव में ऐसी हार मिलेगी कि उसके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाएगी। 13 मई को सीएम हाऊस में केजरीवाल के पीए विभव कुमार ने मालीवाल पर हमला किया था। भाजपा ने कहा कि इस घटना से लोग नाराज हैं। दिल्ली में वोटिंग के एक दिन पहले राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मीडया से कहा कि सीएम केजरीवाल खुद को बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं जबकि केजरीवाल के इशारे पर ही मालीवाल पर हमला किया गया।

चुनाव आयोग वोटिंग डेटा पर पक्षपात कर रहा- बघेल

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल ने कहा कि जब लोग बैलेट पेपर से वोट करते थे तो चुनाव आयोग 24 घंटे के अंदर वोटिंग प्रतिशत का डेटा जारी कर देता था। आज डिजिटल युग में चुनाव आयोग 8-10 दिन बाद भी डेटा नहीं देता और जब देता है तो प्रतिशत 6-8% बढ़ जाता है। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग पक्षपातपूर्ण है।

बूथ वाइज डेटा अपलोड करने का निर्देश नहीं दे सकते- एससी

चुनाव आयोग के लिए मैनपावर जुटाना मुश्किल- सुप्रीम कोर्ट

परिवर्तन दूत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 48 घंटे के अंदर बूथ वाइज वोटिंग डेटा और फॉर्म 17सी डेटा अपलोड करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने यह याचिका लगाई थी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की वेकेशन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव के 5 फेज की वोटिंग हो चुकी है। बेंच ने कहा- अब सिर्फ दो फेज की ही वोटिंग बाकी हैं। ऐसे में डेटा अपलोडिंग के लिए मैनपावर जुटाना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल होगा। चुनाव बाद रेगुलर बेंच मामले को देखेगी। लोकसभा चुनाव शुरू होने के बाद वोटिंग के दिन चुनाव आयोग वोटर टर्नआउट जारी करता है। इसके कुछ दिन बाद वह इस फेज के फाइनल डेटा जारी करता

है। कांग्रेस, एडीआर और तृणमूल ने दोनों डेटा में अंतर आने के बाद ही सवाल उठाए और सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। याचिका के मुताबिक, चुनाव आयोग ने 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को फाइनल वोटिंग पर्सेंट जारी किया था। इसमें वोटिंग के दिन जारी शुरूआती आंकड़े के मुकाबले वोटिंग पर्सेंट लगभग 5-6 प्रतिशत ज्यादा था। एडीआर ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि चुनाव आयोग मतदान होने के 48 घंटे के अंदर हर पोलिंग बूथ पर डाले गए वोटों का आंकड़ा जारी करे। एडीआर ने याचिका में फॉर्म 17 की स्कैन की हुई कॉपी भी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग की थी। 17 मई को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा था।

बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे- सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर से चुनाव कराने और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट स्लिप की 100% क्रॉस-चेकिंग कराने से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दीं। लेकिन एक बड़ा फैसला भी दिया। कोर्ट ने ईवीएम के इस्तेमाल के 42 साल के इतिहास में पहली बार जांच का रास्ता खोल दिया। सुनवाई शुक्रवार को हुई और बेंच जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की थी।

केदारनाथ में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में शुक्रवार सुबह हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसमें सवार पायलट और छह यात्री सुरक्षित थे। ये यात्री सिरसी हेलिपैड से केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे तभी हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। हेलिपैड पर उतरने से पहले यह हवा में लहराने लगा। इसके बाद इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। डीजीसीए ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर क्रिटन एविएशन कंपनी का था। यह हेलिपैड से करीब 100 मीटर पहले ही हवा में लहराने लगा। हेलिकॉप्टर को कैप्टन कल्पेश उड़ा रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर जाकर यात्रियों की मदद की और उन्हें मंदिर तक पहुंचाया गया। हेलिकॉप्टर में तमिलनाडु के छह श्रद्धालु- शिवाजी, उल्लूबैंकट चलम, महेश्वरी, सुन्दरा राज, सुमति, मयूर बाघवानी सवार थे।

दिल्ली की जनता इंडी गठबंधन को वोट दे, उसे बेहतर रोजगार मिलेगा- सोनिया

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 की 6वें चरण की वोटिंग से पहले गुरुवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वीडियो मैसेज के जरिए जनता को संबोधित किया। उन्होंने दिल्ली के लोगों से इंडी गठबंधन को वोट देने की अपील की। सोनिया ने दिल्ली के मतदाताओं से पार्टी उम्मीदवारों और उसके सहयोगी दल आप के उम्मीदवारों को जीत दिलाने का आग्रह किया। सोनिया ने कहा कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के पक्ष में डाले गए प्रत्येक वोट से बेहतर रोजगार मिलेगा। बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने में भी मदद मिलेगी। ये हमारे लोकतंत्र के साथ-साथ देश के संविधान को बचाने का चुनाव हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये चुनाव बेरोजगारी, महंगाई और हमारे संस्थानों पर हमले जैसे मुद्दों पर लड़े जा रहे हैं। आपको (जनता) इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है। दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर एक ही चरण में 25 मई को मतदान होगा। कांग्रेस ने तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। इनमें चांदनी चौक, नॉर्थ वेस्ट और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की सीट शामिल हैं। आपके पास 4 सीटें हैं, जिनमें नई दिल्ली, साउथ दिल्ली, वेस्ट दिल्ली और ईस्ट दिल्ली सीट शामिल है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी 7 सीटों पर बीजेपी ने कब्जा जमाया था।

झाड़ू पार्टी नशे की होलसेलर- मोदी

बोले- पंजाब सीएम को मालिक से ऑर्डर लेने तिहाड़ जेल जाना पड़ा

जालंधर/गुरदासपुर। पीएम नरेंद्र मोदी ने पंजाब के जालंधर में चुनावी रैली की। मोदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने इतना बड़ा शराब घोटाला किया है, वह पंजाब में ड्रग्स की काली कमाई में डुबकी कैसे नहीं लगाएंगे। झाड़ू पार्टी वाले नशे के होलसेलर हैं। यहां सीएम खुद फैसले नहीं ले सकते। इनके मालिक जेल गए तो पंजाब की व्यवस्था ठप पड़ने लगी। पंजाब सीएम को तिहाड़ जेल में मालिक से आदेश लेने जाना पड़ा। इंडी गठबंधन वाले पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। इससे पहले गुरदासपुर में पीएम ने रैली की। उन्होंने कहा- कांग्रेस जब पंजाब में सत्ता में थी, तो आदेश कहां से आते

थे। रिमोट कंट्रोल किसके पास था, लेकिन कैप्टन अमरिंदर सिंह ने आदेश मारने से इनकार कर दिया। सैनिक होने के कारण उन्होंने राष्ट्र हितों पर चलने का फैसला किया। केंद्र के आदेश मानने से मना कर दिया। उसका परिणाम क्या हुआ, उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया। पंजाब का ये अपमान कोई भूल सकता है। दुर्भाग्य से आज भी पंजाब को रिमोट से चलाने की कोशिश हो रही है। कहा कि झाड़ू पार्टी ने कांग्रेस से आपातकाल का पाठ भी अच्छे से सीख लिया है। यह कांग्रेस की फोटो कॉपी पार्टी है, जो मीडिया हाउस इनकी धमकी के आगे झुक नहीं रहा उसपर मुकदमे करा रहे हैं, यही इनकी असलियत हैं।

भाजपा 'फ्रीडम ऑफ प्रेस' के खिलाफ झाड़ू वालों की बेईमानी नहीं चलने देगी। यहां ये लोग एक दूसरे को गाली देते हैं और दिल्ली में गलबहियां (गले लगाना) करते हैं। कहा- हमारा संकल्प है कि पंजाब में इंडस्ट्री को बढ़ावा मिले, हमारे पंजाब के लोगों को घर में काम मिले।

बिभव कुमार को चार दिन की ज्यूडीशियल कस्टडी

नई दिल्ली। आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट ने शुक्रवार को 4 दिन यानी 28 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बीती 18 मई को दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 19 मई को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस कस्टडी दी थी। बिभव कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने पर उनके वकील राजीव मोहन ने कहा, "हमने मजिस्ट्रेट को तलाशी और जब्त चीजों की लिस्ट देने के लिए धारा 165 के तहत एक आवेदन दिया है।

सीमाएं अधिक सुरक्षित होती तो और तेजी से विकास होता- डोभाल

नयी दिल्ली। पिछले 10 वर्ष ऐसा समय रहा है जब सरकार ने हमारी सीमाओं की सुरक्षा और प्रबंधन पर बहुत अधिक ध्यान दिया है। ऐसी कोई दिवाली नहीं होती जिसमें हमारे प्रधानमंत्री हमारे देश की सीमा पर न गए हों। अजीत डोभाल ने कहा कि हर दिवाली, वह इसे सशस्त्र बलों के साथ मनाते हैं, वह इसे सैनिकों के साथ मनाना चाहते हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में उसने हमारी सीमाओं की सुरक्षा और प्रबंधन पर बहुत अधिक ध्यान दिया है। बीएसएफ

अलंकरण समारोह और रुस्तमजी मेमोरियल व्याख्यान 2024 में बोलते हुए डोभाल ने भारत की सीमाओं की रक्षा के महत्व पर जोर दिया जो देश की बाहरी, आंतरिक सुरक्षा और तेज आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। एनएसए ने तकनीकी रूप से उन्नत होने के बारे में भी बात की और यह हमें चौबीसों घंटे और विश्वसनीय सिस्टम विकसित करने में कैसे मदद कर सकता है।

लालू जी को हम ठंडा कर देंगे- सम्राट

पटना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के बिहार के पालीगंज में लालू प्रसाद पर दिए गए बयान पर राजद और कांग्रेस ने कड़ा एतराज जताया है। जनसभा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। सम्राट ने कहा कि चिंता मत कीजिए, लालू जी को हम ठंडा कर देंगे। एकदम बेफिक्र रहिए। डिप्टी सीएम के इस बयान पर राजद के मुख्य प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे लोग कह रहे हैं कि चुनाव के बाद जेल भेजेंगे। तो चुनाव के बाद तो यह सरकार में रहेंगे कि नहीं रहेंगे। इनकी पार्टी बचेगी या नहीं बचेगी। पहले इसकी चिंता करनी चाहिए। वहीं कांग्रेस ने सम्राट के इस बयान पर गुंडों की भाषा बताया है।

आजम खान, पत्नी और बेटे को हाईकोर्ट से जमानत

प्रयागराज। सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। शुक्रवार को अब्दुल्ला के फर्जी सर्टिफिकेट मामले में हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया। इस वक्त तीनों अलग-अलग जेल में बंद हैं। अब्दुल्ला के दो बर्थ सर्टिफिकेट मामले में करीब 7 महीने पहले (18 अक्टूबर, 2023 को) रामपुर की स्पेशल एमपी/ एमएलए कोर्ट ने आजम, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने आजम की 7 साल की सजा पर भी रोक लगा दी। पत्नी और

बेटे की सजा पर कोर्ट ने रोक नहीं लगाई। 14 मई को हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस संजय सिंह की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट के वकील शरद शर्मा ने बताया कि आजम अभी जेल में रहेंगे, क्योंकि हेटस्पीच मामले में भी उन्हें 7 साल की सजा हुई है। बेटा अब्दुल्ला भी एक अन्य मामले में भी आरोपी है।

सात राज्यों में पांच दिन हीटवेव का रेड अलर्ट

राजस्थान में रात का तापमान 30 डिग्री से ज्यादा, लगातार तीसरे दिन बाड़मेर सबसे गर्म रहा

नई दिल्ली। उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में तापमान 40 से 46 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में अगले 5 दिन ऐसे ही हालात रहेंगे। इन राज्यों में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में गुरुवार की रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।पाली में शुक्रवार को गर्मी से मां-बेटे की मौत हो गई। राज्य में लू और गर्मी की वजह से अब तक 10 लोगों की मौत चुकी है। बाड़मेर में तापमान लगातार तीसरे दिन 48 डिग्री के पार रहा। शुक्रवार को तापमान में 0.8 डिग्री का इजाफा हुआ। यह 48.08 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। जैसलमेर से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तापमान 53 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के सरकारी अस्पतालों के सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। वहीं, यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सभी स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए छुट्टी कर दी है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, पिछले सात दिनों में, भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में जलस्तर पांच सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। दिल्ली में यमुना नदी में जलस्तर कम हो गया है। कई इलाकों में पानी की सप्लाई पर असर पड़ा है। हीट वेव की कारण सब्जियों और दालों की मौजूदा महंगाई अगले महीने भी जारी रहने का अनुमान है। खासकर आलू, टमाटर, प्याज की कीमतें बढ़ने से खाने का खर्च बढ़ गया है। अप्रैल में सब्जियों की कीमतें बीते साल से औसतन 27.8% ज्यादा थीं। पिछले महीने आलू की फुटकर कीमत में सालाना आधार पर 53% की बढ़ोतरी हुई।

पुणे एक्सीडेंट केस : छह आरोपी सात जून तक न्यायिक हिरासत में

पुणे। पोर्श एक्सीडेंट मामले में स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को आरोपी नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल समेत सभी छह आरोपियों को सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार का कहना है कि इस मामले में पुलिस का पक्ष रखने के लिए स्पेशल काउंसिल नियुक्त किए जाएंगे। आरोप है कि नाबालिग ने 18 मई की रात शराब के नशे में अपनी पोर्श कार से बाइक को टक्कर मारी थी। हादसे में मध्य प्रदेश के रहने वाले इंजीनियर अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई थी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई थी। ताकि यह दिखाया जा सके कि आरोपी नाबालिग गाड़ी नहीं चला रहा था। पुलिस ने आरोपी के पिता, बार मालिकों और मैनेजर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में धोखाधड़ी की धारा 420 भी जोड़ी है। कमिश्नर ने कहा, हमारे पास नाबालिग के पब में शराब पीते हुए सीसीटीवी फुटेज हैं। ऐसे में हम सिर्फ ब्लड सैंपल रिपोर्ट पर निर्भर नहीं रहेंगे। साथ ही इंटरनल इन्क्वॉयरी में पता चला है कि कुछ पुलिसकर्मियों की ओर से चूक हुई थी और सबूत नष्ट करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धालुओं से भरा ट्रेवलर ट्राले से टकराया, सात की मौत

अंबाला। हरियाणा के अंबाला में गुरुवार देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं, करीब 19 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के रहने वाले हैं। सभी एक ट्रेवलर में सवार होकर जम्मू में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान अंबाला-दिल्ली के मोहड़ा में हाईवे पर इनका वाहन एक ट्रॉले से टकरा गया। ट्रेवलर में बच्चे और महिलाएं भी सवार थीं। ट्रेवलर में कुल 26 श्रद्धालु थे। हादसा इतना भयानक था कि ट्रेवलर पूरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ श्रद्धालु ट्रैवलर में ही फंस गए थे। इन्हें राहगीरों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल श्रद्धालुओं को अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में और शाहाबाद के आदेश मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है। इनमें 6 माह की बच्ची सहित पति-पत्नी शामिल हैं। सोनीपत के जखोली निवासी विनोद (52) की मौत हुई है। वहीं, यूपी के बुलंदशहर ककौड़ निवासी मनोज (42), गुड्डी, यूपी हसनपुर के मेहर चंद, यूपी के ककौड़ के सतबीर (46), 6 माह की दीप्ति की मौत हो गई है।

डोंबिवली बॉयलर ब्लास्ट : फैक्ट्री मालिकों पर केस

ठाणे। महाराष्ट्र के डोंबिवली में केमिकल फैक्ट्री ब्लास्ट में मौत का आंकड़ा बढ़कर 10 हो गया है। पुलिस ने केमिकल फैक्ट्री अमुदन केमिकल प्राइवेट लिमिटेड के मालिकों और स्टॉफ के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमें बनाई हैं। तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, कंपनी ने रॉ मैटेरियल के स्टोरेज में लापरवाही बरती, जिससे ब्लास्ट हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटे-छोटे लगातार तीन धमाके हुए थे। ये इतने तेज थे कि लगभग 3 किमी तक सुनाई दिए। आसपास की इमारतों के शीशों में दरारें आ गईं। वहीं, विस्फोट की वजह से आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए।

आठ राज्यों की 58 सीटों पर आज मतदान

मनोज तिवारी, कन्हैया कुमार और मेनका गांधी मैदान में

नई दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव के छठे फेज में शनिवार (25 मई) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग होगी। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर तीसरे फेज में चुनाव होना था, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यहां छठे फेज में वोटिंग हो रही है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40, बसपा 4, बीजेडी 4, सपा 1, जेडीयू 3, टीएमसी 3, एलजेपी 1, आजसू 1 सीट जीती थीं। कांग्रेस और आप अपना खाता भी नहीं खोल सकी थीं। इस फेज में 3 केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्ण पाल सिंह गुर्जर और राव इंद्रजीत सिंह मैदान में हैं। 3 पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मनोहर लाल खट्टर और जगदंबिका पाल भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा

मनोज तिवारी, मेनका गांधी, नवीन जिंदल, बांसुरी स्वराज, संबित पात्रा, राज बब्बर, निरहुआ भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के छठे फेज में 889 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 797 पुरुष और 92 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी हरियाणा के कुरुक्षेत्र सीट से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल हैं। उनके पास 1241 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 543 लोकसभा सीटों में पांचवे फेज तक 429 सीटों पर मतदान हो गया है। 25 मई तक कुल 487 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। आखिरी और सातवें फेज में 56 सीटों पर वोटिंग होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 183 कैंडिडेट ऐसे हैं, जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं 141 उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 12 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 6 उम्मीदवारों पर हत्या और 21 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 24 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं। 3 उम्मीदवारों के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज है। वहीं, 16 कैंडिडेट्स पर भड़काऊ भाषण देने का केस दर्ज है। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 889 उम्मीदवारों में से 39 फीसदी यानी 343 करोड़पति हैं। इन कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 6.21 करोड़ रुपए है। सबसे ज्यादा भाजपा के 48 उम्मीदवार करोड़पति हैं। कांग्रेस से इखढ में आए नवीन जिंदल सबसे अमीर कैंडिडेट हैं। उनके पास 1241 करोड़ की संपत्ति है।

मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, अब तक मारे गए आठ नक्सली

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और बीजापुर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को नारायणपुर-बीजापुर जिलों की सीमा पर जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ शुक्रवार सुबह उस समय हुई जब विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का एक दल नक्सल विरोधी अभियान के बाद लौट रहा था। अधिकारियों ने बताया कि एसटीएफ के जवान सुरक्षाबलों के एक संयुक्त दल का हिस्सा थे, जिसने बृहस्पतिवार को बीजापुर-नारायणपुर सीमा के पल्लेवाया-हांदावाड़ा इलाके में मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया था।

काशी की अंशु ने जीता मिसेज अचीवर इंडिया द गॉडेस सीजन-2 का खिताब

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। शिव विलास पैलेस जयपुर में मिसेज इंडिया द गॉडेस सीजन -2 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई। मधु कमल मोशन पिक्चर्स की ओर से आयोजित इस पेजेंट में मुख्य अतिथि एवं जुरी पैनल में मिसेज वर्ल्ड डॉ अदिति गोवित्रीकर एवं अभिनेत्री नेहा धूपिया रही। इस पेजेंट में वाराणसी की अंशु पांडेय को मिसेज अचीवर्स इंडिया के किताब से सम्मानित किया गया। अंशु पांडेय को इससे पहले मिसेज यूपी फोटोजेनिक फेस क्वीन ऑफ उत्तर प्रदेश 2023 तथा मिसेज काशी ऑफ द ईयर 2023 से सम्मानित किया जा चुका है।

वाराणसी पुलिस को 11 साल से 'मुख्तार' की तलाश

यूपी की मोस्ट वांटेड की लिस्ट में शुमार 50 हजार का इनामी है सलीम

मई 2013 में दीनदयाल अस्पताल से हो गया था फरार

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। यूपी में योगी सरकार की पुलिस मोस्टवांटेड माफिया गैंगस्टर्स के पीछे हाथ धोकर पड़ी हुई है, यूपी पुलिस ने माफिया की लिस्ट तैयार की हैं जिसमें लखनऊ के गैंगस्टर मुख्तार का नाम भी शामिल किया गया है। माफियाओं-गैंगस्टर्स के पीछे हाथ धोकर लगी योगी आदित्यनाथ की पुलिस इन दिनों एक और मुख्तार को काबू करने के लिए बेताब है। इस मुख्तार के सिर पर 50 हजार का इनाम है। एक मुकदमे में सात साल की सजा भी कोर्ट से मुकर्रर हो चुकी है। इसका पूरा नाम है सलीम उर्फ मुख्तार शेख। लखनऊ के थाना आलमबाग इलाके का रहने वाला है। इस मोस्ट वॉन्टेड माफिया सलीम उर्फ मुख्तार शेख ने तो अपने बाकी दो और भाइयों के साथ मिलकर अपना ही 'गुंडा गैंग' बना रखा था। तीनों भाइयों को कोर्ट पिछले साल दिसंबर 2022 में 7-7 साल की सजा सुना चुका है। सलीम उर्फ मुख्तार के दो अन्य बदमाश भाइयो का नाम है सोहराब और रुस्तम।

2006 में की गई थी पहली कार्रवाई- इस गुंडा ब्रदर्स गैंग के नाम साल 2006 में सबसे पहले लखनऊ के कैंट थाने में गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई थी। इनका काम है लोगों के बीच पहले अपने नाम की दहशत फैलाकर, फिर अवैध धन-रंगदारी वसूली करना। दिंसबर 2022 में जब इन तीनों गुंडा ब्रदर्स को लखनऊ की कोर्ट ने 7-7 साल की सजा सुनाई थी, तब फरार मुख्तार के दोनों गुंडा भाई दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद थे।

पुलिस के रिकॉर्ड में सीरियल किलर ब्रदर्स के नाम से दर्ज- कॉन्ट्रेक्ट किलिंग से लेकर फिरौती-रंगदारी तक यूपी पुलिस रिकॉर्ड में तीनों गुंडा भाई कुख्यात गैंगस्टर और सीरियल किलर ब्रदर्स के नाम से दर्ज हैं। साल 2005 में लखनऊ में हुए ट्रिपल मर्डर में जब इनका नाम सामने आया था तब पुलिस का माथा ठनका था कि, आने वाले वक्त में यह तीनों भाई खाकी और कानून व जनमानस तीनों के लिए ही सिरदर्द साबित हो सकते हैं। लखनऊ कैंट के लकड़ी मोहल्ला निवासी गुंडा ब्रदर्स की यह खतरनाक 'तिकड़ी' के नाम का खौफ आज भी लखनऊ व उसके आसपास के जिलों के व्यापारी वर्ग में मौजूद है. इन भाइयों ने अपने अपराधों की शुरूआत अवैध वसूली से की थी, जिसके बाद कांट्रैक्ट किलिंग, सीरियल किलर, लूट, डकैती, रंगदारी वसूली तक में महारत हासिल करके कुख्यात हो चुके हैं। इसीलिए इन्हें काबू करने के लिए यूपी पुलिस को भी जब मैदान में उतरना पड़ा तो उसने, तीनो भाइयों को मोस्ट वॉन्टेड की सूची में डाल दिया।

बच्चे का अपहरण कर किया था कत्ल- यूपी पुलिस का यह वही मोस्ट वान्टेड मुजरिम सलीम उर्फ मुख्तार है जिसने, 21 सितंबर 2002 में शाम को वक्त लखनऊ के आलमबाग थाना इलाके में 6 साल के बच्चे नबील का अपहरण कर लिया था। बाद में उस बच्चे की रिहाई के बदले यह गैंग परिवार से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगता रहा। जबकि बच्चे का यह गैंग कत्ल कर चुका था। जिस दिन बच्चे का अपहरण हुआ था, उसी वक्त बच्चे का पिता भी सऊदी से लखनऊ आया हुआ था। उस अपहरण और हत्याकांड में भी सलीम उर्फ मुख्तार गिरफ्तार हुआ था। उस कांड में सलीम को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

लंबे समय तक बनारस जेल में था मुख्तार- यूपी पुलिस की मानें तो उसके इस मोस्ट वॉन्टेड अपराधी को सजा के बाद जेल में बंद कर दिया गया। उसे काफी समय तक वाराणसी जेल में भी बंद करके रखा गया। 2013 में जेल से जब इलाज के लिए सलीम उर्फ मुख्तार शेख वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के दीनदयाल अस्पताल गया तो, वहां से वो फरार हो गया। तब से यानी 15 मई 2013 से अपने इस 50 हजार के इनामी की तलाश में यूपी पुलिस भटक रही है लेकिन आज तक पुलिस को इसकी हवा नही लग पाई है।

ट्रेन से कटकर दो की मौत

पति की बेवफाई से तंग महिला ने दी जान

आर्थिक तंगी से परेशान अधेड़ ने की खुदकुशी

परिवर्तन दूत

वाराणसी। उत्तर रेलवे के चौखंडी रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर बीती देर रात करीब 11:00 दिल्ली से गुवाहाटी जा रही राजधानी एक्सप्रेस के सामने एक अज्ञात महिला (45) ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या ली। महिला का शव क्षत विक्षत हो गया घटना की सूचना पर पहुंची जंसा पुलिस महिला के शिनाख्त का घंटों प्रयास किया लेकिन देर रात तक महिला का शिनाख्त नहीं हो सकी। घटना के बाद मृतका का शव रेलवे ट्रैक पर 2 घंटे तक पड़ा रहा, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ। वहीं, क्रॉसिंग बंद होने से जंसा रामेश्वर रोड पर जाम लग गई, जिससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। चौखंडी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक के अनुसार, भदोही से वाराणसी जा रही मालगाड़ी को 2 घंटे तक खड़ा करना पड़ा। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी मंडुवाडीह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को महिला की शव मिलने की सूचना पर परेशान परिजन चौखंडी रेलवे स्टेशन के आस-पास पहुंचकर जानकारी ली तो घटनास्थल पर मृतिका का साड़ी पड़ी थी। जीआरपी मंडुवाडीह ने उसकी शिनाख्त की। बतातें चले कि चौखंडी गांव निवासिनी प्रमिला देवी पत्नी रामवृक्ष गुरुवार को देर रात पति के दूसरी पत्नी लाने को लेकर विवाद हुआ था।

आर्थिक तंगी से उबकर अधेड़ ट्रेन के आगे कूदा- जंसा थाना क्षेत्र के चौखंडी रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर कुरसातो गांव के सामने स्थित रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार सुबह एक अधेड़ ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। बताया जाता है कि जंसा गांव निवासी मनोज प्रजापति (50) वर्ष पुत्र खुशहाल रेलवे फाटक के समीप चाय-पान की दुकान पर शुक्रवार की सुबह चाय पीने गया हुआ था। जहां से अचानक रेलवे ट्रैक की तरफ गया और सामने से आ रही ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। ग्रामीणों की मानें तो अधेड़ आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। ग्रामीणों को सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था और मिट्टी का घड़ा एवं कुल्हड़ बनाकर जीवन-यापन करता था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी निर्मला का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक को 6 पुत्रियां हैं, जिनमें तीन की शादी हो चुकी है।

केंद्रीय कारागार में प्लास्टिक उत्पाद की फैक्ट्री लगाने की तैयारी

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। केंद्रीय कारागार में बंद हो चुके पीतल कारखाने की जगह पर अब प्लास्टिक उत्पाद बनाने की फैक्ट्री लगाने की तैयारी है। इससे कैदियों के कौशल विकास, रोजगार के साथ ही उनके पुनर्वास का मार्ग खुलेगा। जेल मुख्यालय से इस संबंध में स्थानीय कारागार प्रशासन से जानकारी मांगी गई है। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद यहां मशीनें स्थापित कर प्लास्टिक सामग्री का उत्पादन शुरू होगा। जिला कारागार में पूर्व में पीतल उद्योग के लिए कारखाना स्थापित था। जो दो दशक पहले बंद हो गया। इसमें फूल के बर्तन और टेंट में इस्तेमाल होने वाले बड़े पतीलों-कड़ाहों का निर्माण होता था। मांग घटने पर उत्पादन बंद हो गया। तब से यहां फर्नीचर, स्टील के बर्तन, बेकरी के उत्पाद बनने लगे। अब इसी परिसर में प्लास्टिक उत्पाद बनाने के लिए मशीनें लगेंगी। जेलर सूबेदार यादव ने बताया कि जेल मुख्यालय से इस संबंध में सूचना मिली है। स्वीकृति के बाद अन्य औपचारिकताएं पूरी कर इसे शुरू कराया जाएगा।

अवैध पेट्रोल कटिंग कारोबार में 17 दिनों बाद केस दर्ज

आपूर्ति विभाग व पुलिस ने संयुक्त रूप से की थी छापेमारी

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। बीते छह मई को अवैध डीजल-पेट्रोल कटिंग के भंडाफोड़ मामले में प्रशासन के निर्देश पर रामनगर पुलिस ने 17 दिनों बाद मुकदमा दर्ज किया। जिला पूर्ति विभाग की ओर से दिये गए तहरीर में अवैध तेल कारोबार के मामलें में भूस्वामी, पिकअप मालिक सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने में प्रशासन को लगभग 17 दिन लग गये। छापेमारी के बाद बरामद पेट्रोलियम पदार्थों की जांच के सैम्पल सुरक्षित रखने के साथ ही आपूर्ति विभाग ने फाइल बना कर एडीएम (सीएस) को भेज दिया गया था।जानकारी के मुताबिक, रामनगर थाना क्षेत्र के भीटी चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित एक ढाबे के बगल में खाली प्लाट पर कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से टैंकरों से डीजल-पेट्रोल की कटिंग करने का काम किया जा रहा था। शिकायत पर आपूर्ति विभाग के कर्मचारी द्वारा पुलिस को संग लेकर मौके पर बीते छह मई को छापेमारी की कार्रवाई की थी। इस छापेमारी से आसपास हलचल मच गई थी। रात के अंधेरे का फायदा उठा कर अवैध कारोबारी व कर्मचारी मौके से फरार हो गए थे। हालांकि इस दौरान एक पिकअप पर नौ ड्रम तथा खाली प्लाट से तीन ड्रम कुल लगभग 28 सौ लीटर पेट्रोल व डीजल बरामद हुआ था साथ ही टैंकर से तेल निकालने संबंधित उपकरण भी जब्त किया गया था।

पीएचडी में प्रवेश को 29 जून तक जमा करें आवेदन

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। वाणिज्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की शोध प्रवेश परीक्षा (2022-23) उत्तीर्ण एवं शोध प्रवेश परीक्षा से मुक्त (नेट/जे.आर.एफ.) अभ्यर्थी अपने आवेदन 29 जून तक विभाग में जमा कर दें। विभागाध्यक्ष प्रो. अजीत कुमार शुक्ल बताया कि अभ्यर्थी को पी-एच.डी. प्रवेश 2024 के द्वितीय चरण आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक दस्तावेज (हाईस्कूल से एम. कॉम.तक) की स्वप्रमाणित छायाप्रति, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाणपत्र की छायाप्रति, शोध प्रवेश परिणाम/ नेट/जे.आर.एफ. के सर्टिफिकेट की छायाप्रति, शोध प्रस्ताव (रिसर्च प्रपोजल) तीन प्रतियों में हस्ताक्षर सहित एवं पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन हेतु प्रिंटेड प्रति (एक प्रति) जमा करना है। साथ ही विश्वविद्यालय के शुल्क काउण्टर पर जमा की गयी फीस रसीद की छायाप्रति (रु. 500/- सामान्य व ओ.बी.सी. अभ्यर्थी एवं रु. 250/- एस.सी./ एस.टी./ दिव्यांगजन) भी वाणिज्य विभाग में जमा करना अनिवार्य है।

संक्षिप्त खबरे...

बाइक चोर को पुलिस ने भेजा जेल

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। रोहनिया पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ वाहन चोर को गिरफ्तार किया। बरामद बाइक चोर ने जगतपुर में एक शादी समारोह से चुराई थी। पुलिस ने उससे पूछताछ के साथ ही विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।हाल के दिनों में थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस अलर्ट थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर दरेखू गांव से गिरफ्तार किया। उसके पास मिली बाइक चोरी की निकली। उसने पुलिस को पूछताछ में बताया कि जगतपुर में एक शादी समारोह से दो दिन पहले बाइक चोरी की थी।

मोबाइल छिनैती करने वाला बाल अपचारी गिरफ्तार

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। फूलपुर पुलिस ने मोबाइल छिनैती करने वाले बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के साथ ही पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी रही। बाल अपचारी करखियांव गेट के पास मोबाइल छिनैती की घटना में शामिल रहा। पिछले दिनों करखियांव गेट के पास से मोबाइल छिनैती की घटना संज्ञान में आई थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी। इसी बीच सटीक सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त रहे बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि मोबाइल छीन कर उसे कम दाम में बेच कर अपना शौक पूरा करते थे।

वृद्धा को धमकाने में बिल्डर पर केस

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। सिगरा पुलिस ने काशी अपार्टमेंट के बिल्डर आशीष सिंह, उसके बेटे परम सिंह, साथी प्रतीक सिंह और अशोक पर धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। काशी विद्यापीठ से रिटायर सिगरा की इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी डॉ. मालती गोस्वामी ने शिकायत की है। तहरीर में बताया है कि आरोपी उनके मकान को हड़पने की फिराक में हैं। अवैध निर्माण बताकर वीडीए से शिकायत की थी। जांच में शिकायत झूठी निकली।

बनारस में खुलेगा जीएसटी ट्रिब्यूनल

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। बनारस में जल्द ही जीएसटी ट्रिब्यूनल खुलेगा। इससे बनारस जोन के 14 जिलों के जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों और उद्यमियों को लाभ होगा। बनारस के अलावा मिजार्पुर, रॉबर्ट्सगंज, गाजीपुर, आजमगढ़, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोरखपुर, चंदौली, मऊ आदि जिलों के मामले ट्रिब्यूनल में ही सुने जाएंगे। जुलाई के पहले सप्ताह से ट्रिब्यूनल का शुभारंभ होना है। इसके लिए जीएसटी विभाग 13000 वर्ग फीट में कार्यालय भवन की खोज कर रहा है। बनारस में जीएसटी ट्रिब्यूनल न होने से अभी व्यापारियों-उद्यमियों को उच्च न्यायालय जाना पड़ता है।

आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने के लिए बुजुर्गों में होड़

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाने का ऐलान होने के बाद लोग कार्ड बनवाने के लिए दुगाकुंड स्थित सीएमओ कार्यालय पहुंचने लगे हैं। सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 के आधार पर एवं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पत्र पर ही आयुष्मान कार्ड बन रहा है। बनारस में 12.82 लाख लोग पात्रता सूची में है। इसमें 11.57 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है। कई लोग ऐसे भी पहुंच रहे हैं जिनके पिता अस्पताल में भर्ती हैं।

क्रिकेट खिलाड़ियों का 30 को होगा ट्रायल

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। चंदौली तथा वाराणसी के अंडर-23, सीनियर/रणजी ट्राफी के लिए पुरुष और महिला खिलाड़ियों के ट्रायल की तारीख घोषित की गई है। वाराणसी क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जावेद अख्तर खां ने बताया कि ट्रायल 30 मई को सुबह सात बजे से हरहुआ स्थित विवेक अकादमी में होगा। खिलाड़ियों को मूल पहचान पत्र, उसकी प्रतिलिपि, पंजीकरण स्लिप की मूल प्रतिलिपि लाना जरूरी है।

दो ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर

चार घंटे तक मार्ग रहा जाम, ड्राइवर और खलासी गंभीर रूप से घायल

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंदौली के मुगलसराय के पास दो ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर जोरदार थी, जिससे ट्रक के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद एक ट्रक रेलिंग को तोड़ते हुए सड़क किनारे पटरी पर जाकर फल की दुकान में घुस गई। ट्रक के केबिन में ड्राइवर और खलासी फंस गए। दुकान के बाहर खड़ी एक बाइक भी ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहन सराय में ट्रकों की यह दुर्घटना शुक्रवार को 4:00 बजे भोर में हुई। टक्कर काफी जोरदार थी। टक्कर में ड्राइवर और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। एक ट्रक को पीछे से आ रही ट्रक ने धक्का मारा था। गनीमत रही की रात होने के कारण फल की दुकान में कोई नहीं था, जिससे कोई बड़ी हानि नहीं हुई।

दुर्घटना के बाद ट्रक की केबिन में फंसे खलासी और ड्राइवर चिखते-चिल्लाते रहे। दुर्घटना और चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने इसकी सूचना मोहन सराय पुलिस को भी दी। मौके पर पहुंचे जक्खिनी पुलिस चौकी प्रभारी राहुल रंजन ने क्रेन मंगाकर ट्रकों को किनारे लगवाया। उन्होंने केबिन में फंसे ट्रक ड्राइवर और खलासी को निकलवाकर ट्रॉमा सेंटर भेजा। दुर्घटना के दौरान फल की दुकान के बगल में चाय पी रहे बढ़ैनी कला निवासी मोछुपाल किस्मत से बच गए। हालांकि उनकी बाइक ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर ट्रकों की दूर-दूर तक कतार लग गई। मोहन सराय पुलिस ने काफी मशक्कत से आवागमन को सामान्य किया।

बारात करने आए बरातियों ने आपस में की मारपीट

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। चौबेपुर क्षेत्र के संन्दहां गांव मे गुरुवार देर रात किसी बात को लेकर कुछ बाराती लड़कों ने आपस मे धक्का-मुक्की के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। इस मामले में चौबेपुर पुलिस ने शुक्रवार को तीन नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विद्या शंकर शुक्ला ने बताया की टेकारी गांव से एक बारात संन्दहां गांव मे आई थी। इसी बारात मे टेकारी निवासी वादी प्रेम कुमार यादव पुत्र भईया लाल यादव की बारात में प्रतिवादी मोनू, शुभम यादव, शेरू उर्फ प्रीतम यादव पुत्र गड़ स्व रामबली यादव के साथ दो अज्ञात लोग ग्राम संन्दहां में बारात करने आए थे। लड़की पक्ष की तरफ से बारातियों का स्वागत हो रहा था। तभी बारात में आये लोग आपस मे बहस के साथ मारपीट और गाली गलौज करने लगे।

वाराणसी में भी दाखिल होने लगा आनलाइन मुकदमा

एक क्लिक पर होगी मुकदमे की पत्रावली

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। देश के अन्य भागों की तरह वाराणसी जनपद न्यायालय मे भी आनलाइन मुकदमा दाखिल होने की शुरूआत ई कोर्ट परियोजना के तहत हो चुकी है। इस प्रक्रिया के शुरूआती चरण मे अधिवक्ता मिलिन्द श्रीवास्तव व नित्यानन्द राय ने सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत मे आनलाइन मुकदमा दाखिल किया। ट्रांसफर होने पर अपर सिविल जज सी डी चतुर्थ के न्यायालय मे सुनवाई हुयी। अदालत ने मुकदमा सुनकर आदेश हेतु सुरक्षित रख लिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता मिलिन्द श्रीवास्तव व नित्यानन्द राय ने बताया कि एक देश, एक चुनाव के मांग के बीच एक न्यायिक प्रणाली की शुरूआत देश मे हो चुकी है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिये। अब मुकदमों का दाखिला बहुत ही सरल हो गया है। अधिवक्ता चैम्बर मे बैठे बैठे आनलाइन मुकदमा दाखिल कर सकता है।

कोर्ट फीस भी देना होगा आनलाइन- यहां तक की कोर्ट फीस भी आनलाइन ही देना है। सारे कागजात स्कैन करके आनलाइन डिजीटली ही फाईल करना है। फोटोस्टेट कराना, कोर्टफीस खरीदने के झंझट ही खत्म हो गया। यही नही अदालत एक क्लिक पर मुकदमे की सारी जानकारी लेकर तत्काल निर्णय देने पर समर्थ हो गयी है।

पिंडरा विधानसभा में आज मतदान

डीएम ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी एस राजलिंगम ने शुक्रवार को निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान शिकायतों के निस्तारण के बाबत जानकारी ली। वहीं निर्देशित किया कि मछलीशहर लोकसभा के तहत आने वाली जिले की पिंडरा विधानसभा में शनिवार को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी, बूथों पर उनके पहुंचने, शनिवार को हर घंटे के मतदान प्रतिशत समेत बूथों की स्थिति की जानकारी लें। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोकसभा मछली शहर में शनिवार को मतदान है। इसमें जिले की पिंडरा विधानसभा भी आती है। इसके लिए शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में नियुक्त कर्मियों को निर्देशित किया कि इवीएम, निर्वाचन सामाग्री आदि प्राप्त करना, मतदान कार्मिकों की रवानगी तथा मतदान केंद्रों पर पहुंचने की पूरी जानकारी लें। उन्होंने निर्धारित समयावधि में मतदान के आकड़े लेने को भी निर्देशित किया। किसी प्रकार की दिक्कत आने पर तुरंत संबंधित को जानकारी देने को कहा।

मुंह व गले को गुब्बारे जैसा फुला रहा गलसुआ

बीएचयू, मंडलीय व जिला सहित अन्य अस्पतालों में रोज लाये जा रहे पीड़ित बच्चे

परिवर्तन दूत



वाराणसी (सं.)। मौसम बदलते ही गलसुआ (मम्स) के मरीज शहर में बढ़ रहे हैं। इसमें मरीजों का मुंह गुब्बारे की तरह व कंठमाला में सूजन देखी जा रही है। अधिकतर बच्चे गलसुआ (मम्स) की चपेट में आ रहे हैं। बीएचयू, मंडलीय और जिला अस्पताल सहित निजी अस्पताल के बाल रोग विभाग में रोजाना एक-दो ऐसे बच्चे लाए जा रहे हैं। पीड़ित बच्चों को गाल में सूजन के साथ बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान हो रही है। डॉक्टरों के अनुसार जिन बच्चों को एमएमआर (मिजल्स, मम्प्स और रबेला) का टीका नहीं लगा है उन्हें ज्यादा दिक्कत हो रही है। गलसुआ से पीड़ित बच्चों की उम्र दो से 12 वर्ष तक है। मंडलीय अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सीपी गुप्ता ने कहा कि अभिभावकों को घबराने की जरूरत नहीं है। इलाज के बाद चार से पांच दिन में बच्चे ठीक हो जाते हैं।

कान व जबड़े में दर्द- बीएचयू के बाल रोग विशेषज्ञ प्रो. अंकुर सिंह ने बताया कि मम्प्स वायरस चेहरे के दोनों तरफ स्थित लार बनाने वाली पैरोटिड ग्रंथियों को निशाना बनाता है। इस बीमारी में लार ग्रंथियों, विशेष रूप से कान के पास पैरोटिड ग्रंथियों की सूजन आम लक्षण हैं। यह चबाने या निगलने में असुविधा पैदा करता है। कुछ बच्चों को कान या जबड़े में दर्द भी हो सकता है।

खांसने या छींकने से फैलता है- शहर के निजी अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित केशरी ने बताया कि मम्प्स अति संक्रामक है। यह खांसने या छींकने के दौरान निकलने एक से दूसरे में फैलता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां जो बच्चे आ रहे हैं उनमें ज्यादातर को एमएआर का टीका नहीं लगा है।

चबाने-निगलने में होती है परेशानी- गलसुआ (मम्स) रोग में पैरोटिड ग्रंथियां में सूजन आ जाती है और फिर ये तकलीफदायक हो जाता है। इसकी चपेट में आने पर गाल में सबसे ज्यादा सूजन होती है, जिसे पैरोटाइटिस के नाम से जाना जाता है। ये चेहरे के एक या दोनों तरफ हो सकती है। मम्स के लक्षण दो से तीन सप्ताह में दिखाई देते हैं। डा अभिषेक केशरवानी ने बताया कि, इनमें सिरदर्द, थकान, भूख में कमी, तेज बुखार, लार ग्रंथियों में सूजन के कारण गालों या जबड़े का बढ़ना, चबाने या निगलने में परेशानी होना भी प्रमुख है। खट्टा, अम्लीय भोजन या तरल पदार्थ खाने से दर्द बढ़ सकता है। सूजन धीरे-धीरे 7 दिनों में कम हो जाती है और अन्य लक्षण 3-5 दिनों में ठीक हो जाते हैं। सूजन होने पर डॉक्टर्स को दिखाना चाहिए।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में मिड-टर्म परीक्षा 27 से

वाराणसी (सं.)। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2023-24 की मिड-टर्म परीक्षा 27 मई से शुरू होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बी.ए. (पत्रकारिता विषय) द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 27 मई को पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 29 मई एवं षष्ठ सेमेस्टर की 28 मई को अपराह्न 1 बजे से होगी। वहीं, एम.ए. (मास कम्युनिकेशन) द्वितीय सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा 28 मई एवं चतुर्थ सेमेस्टर की 29 मई को पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी।

शौक पूरा करने के लिए उड़ाते थे मोबाइल

पुलिस के हत्थे चढ़े दो चोर, 14 मोबाइल बरामद

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। कमिश्नरेट की भेलूपुर पुलिस को शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। भेलूपुर पुलिस ने चोरी के 14 मोबाइल के साथ दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से विभिन्न कंपनियों के स्मार्ट फोन और एक बाइक बरामद हुआ है।

इंस्पेक्टर भेलूपुर ने बताया कि पकड़े गये आरोपित अभिषेक कुमार पुत्र अवधेश प्रसाद निवासी अखरी बाई पास लठिया देव नगर कालोनी थाना रोहनिया और शमसाद पुत्र मो० कलामुद्दीन निवासी कोदई कजहरा थाना कन्दवा जनपद चन्दौली हाल पता रमेश पटेल के मकान मे किराये पर विवेक हास्पिटल के पास मड़ौली है।

पूछताछ दोनों ने पुलिस को बताया कि, हम दोनों शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बाइक से राहगीरों से झपट्टा मारकर मोबाइल छीन कर भाग जाते थे। जिसे हम लोग बेचकर जो पैसा मिलता है उससे अपने शौक पूरा करते हैं। हम दोनो चोरी के कुछ मोबाइल फोन को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में लंका जा रहे थे कि पकड़ लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर विजय कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र, अजितेश चौधरी, सत्यदेव, कांस्टेबल सुमित साही शामिल रहे।

दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्याकांड के वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र चौहान पुत्र रामानन्द चौहान को बेलवा अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार त्रिपाठी, सूरज चौरसिया और कांस्टेबल रितेश कुमार शामिल रहे।

मरीज की मौत के बाद मंडलीय अस्पताल में हंगामा

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। मंडलीय अस्पताल कबीर चौरा में भर्ती एक महिला मरीज की उपचार के दौरान मौत होने पर परिजनों नें अस्पताल के वार्ड से लेकर आपात चिकित्सा कक्ष तक घंटों हंगामा किया। इससे अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों और उनके तीमारदारों में अफरा तफरी मची रही। रामनगर पड़ाव की रहने वाली मालती देवी (72) गुरुवार को गंभीर सीवियर एनेमिया से ग्रस्त थी। डाक्टर ने बुजुर्ग महिला को बीएचयू रेफर किया था। लेकिन परिजनों के अनुरोध पर उसको मंडलीय अस्पताल कबीर चौरा के पेइंग वार्ड नं 8 में रक्त चढ़ाने के लिए भर्ती किया गया। इस बीच देर रात उसकी हालत बिगडती देख कर डाक्टर ने मरीज को बीएचयू ले जाने के लिए रेफर कर दिया। मरीज को बीएचयू ले जाने की तैयारी की जा रही थी कि तभी वृद्धा ने दम तोड दिया। उसकी मौत की जानकारी होते ही मरीज के परिजनों ने गलत इंजेक्शेन लगाने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा शरू कर दिया।

खाद्य विभाग ने 40 कुंतल दाल किया जब्त

एक लाख 91 हजार का है मिलावटी दाल की कीमत

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। राजातालाब में छापेमारी के दौरान 40 कुंतल मिलावटी दाल खाद्य अधिकारियों ने सीज कर दिया। प्राप्त अभिसूचना के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य, अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन वाराणसी द्वारा गठित विशेष प्रवर्तन दल द्वारा आज 24 मई को कचनार राजातालाब बाजार मे स्थित 'जय मां संतोषी ट्रेडिंग कंपनी' ,खाद्य कारोबारकर्ता अजय प्रताप गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में अरहर दाल में खेसारी की मिलावट के संदेह पर 40 बोरियों में संग्रहित दाल से नमूना संग्रहित करने के उपरांत शेष स्टाक कुल 40 बोरी का वजन 1198 किलो है। जिसका मूल्य 191680 रूपए का जब्त कर सीज किया गया। खाद्य अधिकारियों ने कहा कि जांच परिणाम प्राप्त होने के उपरांत अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी। उक्त प्रवर्तन दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश कुमार सिंह, सुप्रिया सिंह, रजनीश कुमार शामिल रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024
वोट डालने जाना है
अपना फर्ज निभाना है
1 जून 2024 को अपना अमूल्य मत अवश्य दें।
खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, वाराणसी
जिलाधिकारी, वाराणसी

शहर में ट्रिपिंग की समस्या से जनता बेहाल

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। बिजली कटौती और फॉल्ट की समस्या से निपटने में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार ने निगरानी की जिम्मेदारी संभाल ली है। उन्होंने पिछले 6 दिन में 10 उपकेंद्रों का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान एमडी ने कहा कि उपकेंद्र पर तैनात कर्मी ट्रांसफॉर्मर का लोड बांटते रहे। इससे फॉल्ट की समस्या नहीं होगी। बिजली कटौती पर लगाम लगाने और फाल्ट को जल्द से जल्द दूर करने के लिए पूर्वांचल डिस्कॉम ने नई पहल की है। इसके तहत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी उपकेन्द्रों पर रात 9 से 12 बजे के बीच एसडीओ एवं जेई की मौजूदगी अनिवार्य कर दी गई है। वे कटौती की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचेंगे और कारणों को दूर कराते हुए आपूर्ति बहाल कराएंगे। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत बढ़ गई है। एक महीने के भीतर बिजली की खपत में दो सौ मेगावाट की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अधीक्षण अभियंता ट्रांसमिशन डीके दीक्षित ने बताया कि सोमवार को 720 मेगावाट बिजली खपत हुई ।

गंगा पुल निर्माण का 75 फीसदी काम पूरा

डेढ़ माह बाद रिंग रोड के एक लेन पर शुरू हो सकता है आवागमन

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। रिंग रोड को जोड़ने वाले गंगा पुल का 75 फीसदी काम पूरा हो चुका है। जून माह में शेष कार्य पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद पुल के एक लेन पर आवागमन शुरू होने की उम्मीद है। इससे वाराणसी से चंदौली का सफर मिनटों में तय होगा। दरअसल, रिंग रोड का काम पुल निर्माण की वजह से विलंब हुआ। कटान की वजह से पुल की लंबाई बढ़ानी पड़ी। नए सिरे से कार्य होने के कारण प्रोजेक्ट में देर हुई। इसकी वजह से रिंग रोड पैकेज दो के दूसरे चरण की परियोजना की टाइमलाइन एक बार फिर आगे खिसक गई। वाराणसी के संदहा से चंदौली के रेवसा तक 27.27 किलोमीटर सड़क बन चुकी है। चिरईगांव के बभनपुरा गांव में निमार्णाधीन पुल बनकर तैयार हो जाए तो रिंग रोड के इस हिस्से से वाहनों की आवाजाही शुरू की जा सकेगी। गंगा में बन रहे 1.74 किलोमीटर लंबे पुल के लिए इन दिनों सेगमेंट लांचिंग प्रक्रिया चल रही है। 75 प्रतिशत कार्य हो चुका है। जून तक शेष कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है। जुलाई में पुल की एक लेन चालू होने की उम्मीद है। बनारस के संदहां से रेवासा चंदौली के मध्य 27.27 किमी फोरलेन सड़क बन चुकी है। एनएचएआइ के इंजीनियरों के अनुसार जून तक काम पूरा हो सकता है। करीब 1155 करोड़ की परियोजना में मुंबई की कंपनी गैमन इंडिया ने करीब 850 करोड़ खर्च कर दिए हैं। इसमें करीब साढ़े पांच सौ करोड़ लागत सिर्फ पुल की है। पुल के बनने से 60.08 किलोमीटर लंबे रिंग रोड नेटवर्क को एक-दूसरे से जोड़ा जा सकेगा। वाहन रिंग रोड के जरिए शहर के बाहर से ही दूसरे जिलों की तरफ जा सकेंगे।

मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर चर्चा

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। क्षेत्रीय युवक मंगल दल आराजी लाईन द्वारा ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार को आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता पर आधारित बैठक किया गया। जिसमें ब्लाक के विभिन्न गांव से युवक मंगल दल व महिला मंगल दल अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय युवक मंगल दल अध्यक्ष रामसिंह वर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज से युवक मंगल दल लगातार हर गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगा और दिवाल लेखन कार्य करेगा।

कार्यक्रम में बीओ पीआर डी रीना यादव ने कहा इस लोक तंत्र के त्योहार में मतदाताओं को जागरूक कर प्रदेश में प्रथम स्थान लाने का प्रयास करें। हमारा हर संभव प्रयास रहेगा कि गांव का अंतिम व्यक्ति भी मतदान से वंचित न रह पाए। इसी क्रम में बीडीओ अभिषेक सिंह ने कहा कि युवक मंगल दल के युवा मतदाता के दिन अपने-अपने परिवार से अधिक से अधिक मतदान दिलाए।

भाजपा नेताओं संग नड्डा ने की चुनावी समीक्षा

बीजेपी अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों को दिया जीत का मंत्र

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार की शाम वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट परिसर में भाजपा पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। नड्डा बीजेपी चुनाव कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर छठवें व सातवें चरण के चुनाव की समीक्षा की। यहां वह संगठन से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर चुनावी थाह ली।सूत्रों के मुताबिक, नड्डा पूर्वांचल में चुनाव प्रचार की स्थिति व चुनावी समीकरणों को जानने पहुंचे थे। यहां वह चुनावी तैयारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर सांगठनिक पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इसके साथ ही पूर्वांचल की लोकसभा सीटों को लेकर भी बातचीत की। इसके साथ ही यहां अंतिम चरण के चुनाव के लिए रणनीतियां बनाई और जीत का मंत्र दिया। बता दें कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाराणसी सहित आसपास के जनपदों में भाजपा के दिग्गज नेताओं की जनसभाएं और रैलियां हो रही हैं। चुनाव को लेकर भाजपा का हर छोटा-बड़ा कार्यकर्ता एक्टिव मोड में है। जीत के हर एक बिंदुओं पर गंभीरता से विमर्श किया जा रहा है। साथ ही सजगता से इसे दुरुस्त करने की भी कवायद चल रही है।

सीएम योगी आज अस्सी घाट पर करेंगे जनसभा

वाराणसी (परिवर्तन दूत) । लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में वाराणसी में 1 जून को वोटिंग होगी। उससे पहले आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में अपनी पहली जनसभा गंगा घाट पर करेंगे। उनके जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा के क्षेत्रीय कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम 5:30 बजे अस्सी घाट पहुंचेंगे। सबसे पहले वह मां गंगा की पूजा करेंगे उसके बाद जनसभा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया यह पहली बार होगा जब कोई मुख्यमंत्री घाट पर जनसभा करेगा। उन्होंने बताया कि सभा में 30 हजार लोग शामिल होंगे। अस्सी क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण स्थल है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ से लोग सभा में पहुंचेंगे। इसके अलावा शहर से भी कार्यकर्ता और जनता मुख्यमंत्री को सुनने के लिए पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जिस समय जनसभा करेंगे उसी समय प्रियंका-डिंपल का रोड-शो है। उस पर विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष पूरे देश से गायब है और अगर बात करें काशी की तो यहां प्रधानमंत्री के सामने कोई चुनाव लड़ेगा तो वह अपनी जमानत बचाने के लिए चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी रोड-शो कर ले कोई फायदा नहीं होगा।

मां कूष्मांडा का आशीर्वाद लेकर रोड शो करेंगी प्रियंका-डिंपल

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के लिए समर्थन जुटाने काशी आ रही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और सपा नेत्री डिंपल यादव के कार्यक्रम में तीसरी बार बदलाव हुआ है। इनका रोड शो दुगाकुंड स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू होकर रविदास मंदिर तक जाएगा। रोड शो से पहले वो काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगी। इंडी गठबंधन के लहुराबीर स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय में गुरुवार देर रात कांग्रेस, सपा और घटक दलों की बैठक में रूट परिवर्तन का निर्णय हुआ। नए कार्यक्रम के मुताबिक शनिवार शाम दोनों नेत्री पहले बाबा विश्वनाथ के दरबार में मत्था टेकेंगी। इसके बाद वह दुगाकुंड स्थित दुर्गा मंदिर में शक्ति की आराधना करेंगी। इसके बाद दुगाकुंड से रोड शो मानस मंदिर, संकट मोचन रोड, रविदास चौराहा होते हुए सिंह द्वार पहुंचेगा। महामना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दोनों नेत्री भगवानपुर के रास्ते सीरगोवर्धनपुर पहुंचेंगी। यह पहली बार होगा जब प्रियंका और डिंपल लोकसभा चुनाव को लेकर एक साथ प्रचार करेंगी। कांग्रेस और सपा 2024 का चुनाव इंडिया ब्लॉक पार्टनर के रूप में गठबंधन में लड़ रहे हैं। राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहले से ही एक साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

हर शनिवार व बुधवार को टीकाकरण सत्र

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। जनपद में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत नियमित टीकाकरण का कार्य सप्ताह के हर शनिवार और बुधवार को किया जा रहा है। इसके तहत नवजात शिशुओं और बच्चों को गंभीर व जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए 11 प्रकार के टीके लगाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि पूरे जनपद खासकर शहरी क्षेत्र की घनी बस्तियों में टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बच्चों के टीकाकरण के प्रति उदासीन और इन्कार करने वाले परिवारों का व्यवहार परिवर्तन कर उनका टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमओ ने परिजनों से अपील की है कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अपने बच्चे का समय पर टीकाकरण जरूर कराएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एके मौर्य ने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया से बचाव के लिए टीडी के दो टीके लगाए जा रहे हैं।

न गंगा साफ हुई, न काशी क्योटो बना- अभय

कई मुद्दों पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने कई मामलों में मौजूदा सरकार को घेरा। लहुराबीर स्थित कांग्रेस के चुनाव कार्यालय में कांग्रेस प्रवक्ता ने बीजेपी के 10 वर्षों के विकास कार्यों को खोखला बताया। अभय दुबे ने कहा कि आज से ठीक 10 साल पहले अप्रैल 2014 में नरेन्द्र मोदी वाराणसी में अपना पहला चुनाव लड़ने आए थे। उन्होंने जो पहला वाक्य कहा था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है, और मां गंगा की सफाई के बड़े-बड़े वादे किए थे। फिर काशीवासियों से कहा कि मैं काशी को क्योटो बनाने आया हूं। साथ ही यह भी कहा था कि वाराणसी में पोर्ट बनाऊंगा, जिसमें हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। कहा कि प्रधानमंत्री ने फिर आदर्श ग्राम योजना के तहत कई गांवों को गोद लिया और उन गांवों मंर विकास के कई वादे किए। दस साल बाद आज तक न तो गंगा साफ हुईं। न काशी क्योटो बन सका। नाम बड़े दर्शन छोटे-मूलभूत सुविधाओं के पड़े टोटे। जापान की सरकार के साथ काशी और क्योटो के बीच एक पार्टनर सिटी अफिलिएशन एग्रीमेंट किया गया था, लेकिन इस पर कोई काम नहीं हुआ। पीएम के गोद लिए गांव में लोग पीने के पानी व आवास के लिए तरस रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री ने उनकी सुधि नहीं ली। गंगा आज भी जस की तस हैं।

दस रुपये बचाने के चक्कर में पेट में घुसा भाला, हालत गंभीर

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। पार्क में दस रुपये शुल्क बचाने के लिए पार्क की बाउंड्री फांदते समय एक व्यक्ति के पेट में भाले की नोक घुस गई। घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मंडलीय अस्पताल कबीर चौरा में भर्ती कराया गया। कोतवाली के मैदागिन निवासी राजेश (40वर्ष) शुक्रवार की सुबह 9 बजे मैदागिन स्थित कम्पनी गार्डेन पार्क में जाने के लिए बाउंड्री फांद रहा था। इस बीच ऊंची बाउंड्री वाल में लगे लोहे का भाला नुमा राड उसके पेट में घुस गया। लोगों के शोर माचाने पर आस पास के लोगों ने उसे नुकीले भाले से निकाल कर मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा में भर्ती कराया। सूत्रों के मुताबिक पार्क में सुबह आठ बजे के बाद 10 रुपये शुल्क लगता है।उसे बचाने के लिए कुछ लोग पार्क की बांउड्री फांद कर जाने का प्रयास करते हैं। घायल भी संभवतः दस रुपये बचाने के चक्कर में घायल हो गया।

घर-घर जाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए राज्यमंत्री ने की अपील

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के शूलटंकेश्वर मण्डल के अखरी गांव में शुक्रवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने भाजपा के कार्यकताओं व पदाधिकारी के साथ घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए सबको झोला, स्टीकर, पत्रक व पर्ची वितरण किया। और महिलाओं से कहा कि 1 जून को मतदान के दिन पहले मतदान करने के बाद तब घर आकर भोजन बनाने और खाना खाएं। इस बार शत प्रतिशत मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को ऐतिहासिक मतो से विजई बनाकर पुनः तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का अपील किया।इस दौरान मुख्य रूप से डॉ सुशील कुमार दुबे, गौरव पटेल ,अक्षत पांडेय, नारायणी सिंह, मुरलीधर पांडेय, अवधेश राय, राममिलन मौर्य, श्रीधर पांडेय, रवी राजभर, मनोज विश्वकर्मा, आदि लोग रहे।

डॉ. ओमशंकर को किन्नरों का समर्थन, चेंबर में नारेबाजी

हार्ट स्पेशलिस्ट का आमरण अनशन जारी, अन्य संगठनों का भी समर्थन

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर ओमशंकर के आमरण अनशन का शुक्रवार 14वां दिन रहा। कार्डियोलोजी डिपार्टमेंट के अपने चेंबर में मरीजों के साथ धरने पर होते हुए मरीजों को भी देख रहे थे। प्रोफेसर ओम शंकर के समर्थन में आज महिला संगठन और किन्नर समुदाय भी आ गया। चेंबर में करीब डेढ़ घंटे तक प्रोफेसर के साथ बैठे रहे और भरसक समर्थन दिया। किन्नर समुदाय से वाराणसी में मेयर प्रत्याशी रहीं शमशेर खान के साथ 20 से ज्यादा किन्नर पहुंची। इस दौरान अस्पताल के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किन्नर समुदाय की ओर से आज डॉक्टर के समर्थन में सपा पार्टी से कोमल किन्नर, सानिया किन्नर, शिवानी मिश्रा और कांग्रेस नेता रश्मि वाजपेई भी मौजूद रहीं।

महिला संगठन का समर्थन

महिला संगठन की ओर से कुसुम वर्मा और उनके साथ बड़ी संख्या में छात्र और छात्रा भी पहुंची हैं। भाकपा माले पार्टी की ओर से समर्थन दिया।

सामाजिक संगठनों का समर्थन

शुक्रवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने उनकी मांगो के समर्थन में जुलूस निकाला और राष्ट्रपति को इस मामले हस्तक्षेप करने हेतु गुहार लगाई। स्वास्थ्य का अधिकार अभियान, साझा संस्कृति मंच बनारस नागर समाज आदि संगठनों से जुड़े दो दर्जन से अधिक सामाजिक कार्यकर्ता शास्त्री घाट वरुणापुल पर एकत्र हुए और जिला मुख्यालय तक डॉ ओमशंकर की मांगो के समर्थन में जुलूस निकाला।

न्यू सिटी हॉस्पिटल
♦स्त्री एवं प्रसूति रोग
♦जनरल सर्जरी
♦प्लास्टिक सर्जरी
♦जनरल मेडिसीन
♦नाक, कान, गला
♦आर्थोपेडिक्स
♦यूरोलॉजी
♦बाल रोग
♦नेत्र रोग
24/7 EMERGENCY SERVICE
डॉ. बी.के. राय
एम.डी (निदेशक)
अवलेशपुर, चुनार रोड , (पेट्रोल पम्प के पास) अमरा चौराहा, वाराणसी मो. 9415996471, 8840263299

संपादकीय

साख पर सवाल

निश्चित रूप से भारतीय चुनाव आयोग ने पहले चुनाव से लेकर 18वीं लोकसभा के चुनाव संपन्न कराने में एक लंबा सफर तय किया है। लेकिन स्थितियां बहुत तेजी से बदली हैं। पहले चुनाव में महज 17 करोड़ मतदाता थे। अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मौजूदा आम चुनाव में 97 करोड़ मतदाता हैं। इस दौरान पार्टियों की संख्या बढ़ी है, वोटर बढ़े हैं, पोलिंग बूथ बढ़े हैं, पार्टियों के बीच लड़ाइयां तल्ख हुई हैं और चुनाव आयोग के खिलाफ शिकायतें भी तेज हुई हैं। पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन से लेकर टीएन शेषन जैसे सख्त चुनाव आयुक्तों तक ने आयोग को नई प्रतिष्ठा दी है। लेकिन इस बार 543 संसदीय सीटों के लिये सात चरणों में हो रहे मतदान में कई प्रसंग ऐसे घटे कि लोगों ने चुनाव आयोग की साख पर उंगली उठाई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जिसमें चुनाव आयोग पर मतदान संबंधी अंतिम आंकड़े देर से जारी करने तथा प्रतिशत वृद्धि का मामला उठाया गया। एडीआर व कॉमन कॉज की ओर से दायर याचिका में बूथों पर मतों की संख्या संबंधी फॉर्म 17-सी की स्कैन कापी आयोग की वेबसाइट पर डालने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में आयोग ने इस मांग को अव्यावहारिक बताया है। साथ ही कहा कि चुनाव की तैयारी एक लंबी प्रक्रिया के बाद पूरी होती है, ऐसा करने से व्यवधान उत्पन्न होगा। इससे पहले विपक्ष सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप भी लगाता रहा है। जबकि आयोग की दलील रही है कि इन्फोर्समेंट एजेंसी उसके अधीन नहीं होती। विपक्ष आयोग को तटस्थ भाव से कार्रवाई करने को कहता रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री द्वारा बांसवाड़ा में दिए गए भाषण में इस्तेमाल जुमलों को संप्रदाय विशेष के विरुद्ध टिप्पणी बताया और आयोग से शिकायत की। आरोप है कि आयोग ने सत्तारूढ़ दल के खिलाफ उदार रवैया दिखाया। प्रधानमंत्री को नोटिस दिए जाने के बजाय भाजपा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। ऐसे ही संविधान पर दिए गए राहुल गांधी के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष को नसीहत दी गई। दरअसल, विपक्ष मांग करता रहा है कि मतदान के बाद वोटों का प्रतिशत जारी करने के बजाय डाले गए वोटों की संख्या जारी की जानी चाहिए। दरअसल, विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रवैया अपनाता रहा है। जिसके चलते विपक्ष ने आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष अंपायर की भूमिका में नजर आना चाहिए। विपक्ष बांसवाड़ा रैली में प्रधानमंत्री के भाषण पर सख्त कार्रवाई की मांग करता रहा है। इसी तरह आरक्षण, संपत्ति जब्त करने आदि कई विवादित बयान सामने आए। तल्ख टिप्पणियां कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भी की गई थी। विपक्ष कहता है कि इन टिप्पणियों पर आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। हालांकि, कई पूर्व चुनाव आयुक्त मानते हैं कि यह पहला मौका नहीं जब विपक्ष आयोग पर सवाल उठा रहा है। जैसे-जैसे राजनीतिक दलों में तल्खी बढ़ती है, बीच में आयोग को शामिल कर लिया जाता है। वहीं कुछ गैर सरकारी संगठनों ने मुहिम चलायी कि ह्यचुनाव आयुक्त दृढ़ता दिखाएं या इस्तीफा दें।ह्न उनका मानना रहा है कि आचार संहिता के उल्लंघन के दौरान आयोग सक्रिय नहीं हुआ। कुछ पूर्व चुनाव आयुक्त कहते हैं कि मतदान के बाद दूर-दराज के इलाके से मतदान के अंतिम आंकड़े आने में वक्त लगता है। इसलिए अंतिम आंकड़े अगले दिन जारी किये जाते हैं। वहीं चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस बाबत समस्त सूचना वोटर टर्नआउट ऐप पर मौजूद है। आयोग का तर्क है कि वोटर टर्न आउट हर केंद्र पर वैधानिक फॉर्म 17-सी पर पीठासीन अधिकारी तैयार करते हैं व उम्मीदवार के मतदान एजेंट उस पर हस्ताक्षर करते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद चुनाव आयोग को ध्यान देना चाहिए कि क्यों सार्वजनिक विमर्श में उसकी छवि को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। आयोग को इसका समाधान भी निकालना चाहिए। वहीं विशेषज्ञ मांग कर रहे हैं कि आयोग को अधिकार मिलना चाहिए कि वह आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवार को दंडित कर सके।

दैहिक दैविक भौतिक तापा।
राम राज नहिं काहुहिं ब्यापा।।

संविधान की मूल भावना को बिना समझे दूसरों पर संविधान परिवर्तन का आरोप लगाना न्याय विरुद्ध!

भारतीय लोकतंत्र में सर्वाधिक सम्मान और पवित्र भाव से लोक की रक्षा करने के लिए कोई लिखित अधिकार प्राप्त व्यवस्था है तो वह है भारत का संविधान। इसमे भारत के नागरिकों की मूल आत्मा बसती है। इसमे नागरिकों के लिए मूल अधिकार, मूल कर्तव्य, नीति निर्देशक तत्व ही नहीं बल्कि एक सामान्य नागरिक के जीवन में आने वाले समस्त आवश्यक उपागम जो सम्मानपूर्वक किसी व्यक्ति को जीने का अधिकार देते हैं,जैसा कि अनुच्छेद 21 में दिया गया है की चर्चा इस भारतीय संविधान में की गई है। भारतीय संविधान के परिवर्तन के संदर्भ में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 के कई उपबंधों में उसका वर्णन किया गया है और जिसके तहत अब तक बहुत सारे संशोधन भी संविधान में किए गए हैं।



प्रो. आर एन त्रिपाठी
समाजशास्त्र विभाग
काशी हिंदू विश्वविद्यालय

परंतु हाल ही के चुनाव के दिनों में ऐसा लगता है कि भारतीय संविधान की मूल आत्मा और भारतीय संविधान के परिवर्तन के मूल अनुच्छेद 368 की तरफ ना जाकर की यह परिवर्तन कैसे होता है ,कुछ लोग संविधान पर अनायास टिप्पणी और संविधान के साथ अनायास कुछ न कुछ वाद विवाद हर जगह पैदा कर रहे हैं।

इन दिनों इसी परिप्रेक्ष्य में चर्चित कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा अभी हाल का जो निर्णय दिया गया और जिस निर्णय में स्पष्ट रूप से पश्चिम बंगाल सरकार को 118 मुस्लिम जातियों को ओबीसी का आरक्षण दिए जाने की बात को नकारा गया,और 2010 के बाद के इनको जारी सारे ओबीसी प्रमाणपत्र रदद् कर दिए जाने का आदेश दिया गया हैं, से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय संविधान की मूल आत्मा के साथ कहीं ना कहीं यह खिलवाड़ जान बूझकर किया जा रहा है।

हर नागरिक को जानना चाहिए कि संविधान में परिवर्तन की भी एक संवैधानिक प्रक्रिया होती है जिसका संविधान में स्वयं उल्लेख किया गया है यह किसी राजनीतिक दल की कोई पूंजी नहीं है कि जो जब चाहे उसे अपने हित अनुरूप पास कर ले और बदल लें, क्योंकि किसी परिवर्तन में केंद्र सरकार के साथ-साथ वहां के बहुमत के साथ-साथ दोनों सदनों के बहुमत तथा राज्य सरकारों की सहमति की भी आवश्यकता होती है। भारतीय लोकतंत्र में अभी किसी भी परिवर्तन पर महीने दो महीने लंबी बहस होती है और तब जाकर के बहुत से राज्यों की सहमति के आधार पर ऐसा जो परिवर्तन किया गया है,या अब तक जो भी परिवर्तन किए गए हैं वह सारे परिवर्तन लोकहित और लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए किए गए हैं। हाल ही में संविधान में एक परिवर्तन किया गया था जिसमें केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, नेशनल कमिशन फॉर बैकवर्ड क्लासेस, को संवैधानिक दर्जा दिया गया था उसके बाद कई प्रदेश की सरकारों ने अपने आप से संविधान के मूल भावना के साथ खिलवाड़ करना शुरू कर दिया। हाल ही में पश्चिम बंगाल की सरकार द्वारा आयोग गठित किया गया और आयोग की सिफारिश के आधार पर पश्चिम बंगाल की सरकार ने एक वर्ग विशेष को ओबीसी के तहत आरक्षण की सहूलियत प्रदान कर दी,क्योंकि वह वर्ग विशेष उनका विशेष तौर पर वोटर था और जिसमे अधिसंख्य बंगलादेश इत्यादि से भागकर आया है,और वहाँ मनमाने ढंग से रह रहा है। इसे लेकर निश्चित रूप से टिप्पणी होनी थी और इसे लेकर के समाज में एक नई विभाजनकारी रेखा बननी ही थी। हमारी संविधान सभा के सदस्यों और संविधान के मूल रचनाकारों ने आरक्षण की व्यवस्था उनके लिए किया था विशेष करके जो समाज के मुख्य धारा से पीछे रह गए थे और जिन्हें सम्मान का वास्तविक हक नहीं मिला। एससी-एसटी के साथ मंडल आयोग की सिफारिश पर संविधान में 27 प्रतिशत आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए किया गया पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इसी 27 परसेंट के आरक्षण पर कुठाराघात किया गया और नई व प्रवासी जातियों को बिना जांच परख के तुष्टिकरण के आधार पर उसमें शामिल कर लिया गया, परिणाम कोलकाता हाईकोर्ट ने निरस्त किया और भाजपा जैसे राजनीतिक दल को तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ एक बहुत बड़ा मुद्दा मिल गया ठीक इसी प्रकार कर्नाटक में भी कुछ हुआ दक्षिण भारत के भी दो-तीन राज्यों ने इसी प्रकार की कार्यवाही की और जिसको लेकर के पूरे देश में अब यह चर्चा का विषय बन गया है।

यहाँ यह भी समीचीन है कि आखिर ऐसे परिवर्तन जब चुनाव आसन्न होते है तभी ऐसे परिवर्तन क्यों किए जाते हैं तो इसका एक सीधा सपाट उत्तर जनता के सामने स्पष्ट आता है कि वोटो के ध्रुवीकरण के लिए चाहे संविधान की मूल भावना हो, चाहे जनभावना हो, उसको चाहे जितना नोचा घसीटा जाए या उसे चाहे जितना विकृत किया जाए यह राजनेताओं को खुली छूट है,परंतु उन्हें यह वोध नही होता कि यही संविधान हमारे यहां उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की भी स्थापना किया है और यही न्यायालय यही न्यायपालिका ऐसे राजनेताओं को सबक सिखाने के लिए समय-समय पर आदेश भी देते रहते हैं,जैसा कि अभी कोलकाता उच्च न्यायलय द्वारा दिया गया ।

वर्तमान सरकार के विरुद्ध विपक्षी पार्टियों द्वारा लगातार आरोप लगाया जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी यदि अबकी बार सत्ता में आ गई तो वह संविधान बदल देगी प्रश्न यह है कि भारतीय जनता पार्टी संविधान की मूल भावना, संविधान की मूल ढांचे जो संविधान की सबसे बड़ी पीठ द्वारा केशवानंद भारती केस में कहा गया है की सदा अपरिवर्तनीय हैं, जिसमे समाज के क मूल अधिकार है क्या उसको बदल सकती है उसको बदलने के लिए उसके पास अगर सदन में पूर्ण बहुमत है तो क्या राज्यों में भी उसके पास बहुमत है क्या भारत की जनता उसे स्वीकार करेगी।क्या न्याय पालिका चुपचाप मूकदर्शक बनकर देखती रहेगी,तो इसका एक मात्र उत्तर कदापि नही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विपक्षी आरोपों का खण्डन कई बार किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय गृह मंत्री जी ने भी खण्डन किया है परंतु आरोप है कि निराधार समाज मे उछल ही रहे हैं,और नेताओं द्वारा उछाले ही जा रहे हैं।

आजकल एक और बड़ी हवा चल रही है विपक्ष द्वारा की नए कानूनों की असंगतता को लेकर के, 1860 में गठित आईपीसी और सीआरपीसी आज निश्चित रूप से निष्प्राण, निष्प्रयोज्य हो चुकी है आज उसमें परिवर्तन की आवश्यकता थी सरकारें आई, सरकारें गई लेकिन किसी ने इस पर विचार नहीं किया वर्तमान सरकार ने इस पर विचार किया और बड़े विशेषज्ञों के विशेष दल जिसमें न्यायाधीश वरिष्ठतम अधिवक्ता, विद्वान, समाजशास्त्री शामिल थे उसके आधार पर तीन नए कानून को जनता के सामने इजाद किया है अभी उन काननों पर बहस भी है, संभव है अगर उसमें कुछ आधारभूत ढांचे में कमी भी होगी तो सरकार द्वारा स्पष्ट कहा गया है उसमें परिवर्तन भी किया जाएगा लेकिन विपक्षी दलों द्वारा यह हवा उड़ाना की सरकार संविधान बदलने जा रही है निश्चित रूप से संविधान की खिल्ली उड़ाना है और समाज को गलत ढंग से दिकभर्मित करना है, ना कि केवल भाजपा की बुराई करना है और पढ़े-लिखे समाज पर जो संविधान के अनुच्छेद 368 से संविधानिक परिवर्तन की बात जानते हैं उनके लिए भी हास्यासपद बात होगी कि भाजपा इस प्रकार से परिवर्तन करेगी।

मूलतः यह सारी बातें चुनाव के समय ऐसे ही धूमकेतु की तरह समाज में व्याप्त हो जाती हैं ऐसी बात बताने वाले ऐसी बातों की हवा उड़ने वाले यह नहीं सोचते कि समाज का एक बहुत बड़ा तपका आज भी अशिक्षित है उसे संविधान परिवर्तन के नियम कानून नहीं पता है और वह उनके बहकावे में आ जाता है, उसे भय दिखाया जाता है जैसा कि आजकल बीजेपी के खिलाफ दिखाया जा रहा है कि यदि फिर भाजपा सरकार आयी तो संविधान बदल दिया जाएगा, आपका अधिकार ले लिया जाएगा, आपका आरक्षण दूसरे को दे दिया जाएगा। समाज के जो शिक्षित, चिंतक प्रबुद्ध वर्ग हैं अब उनका यह नैतिक दायित्व बनता है कि समाज के सामने राजनेताओं द्वारा जो ऐसे दुर्भावना पूर्ण विकृति भरे विचार प्रस्तुत किए जा रहे हैं इन विचारों को रोक लगाने के लिए इन विचारों का खंडन करने के लिए समाज के सामने आयें ताकि अभी ज्ञान से वंचित वर्ग और समाज का वह तपका जिसके पास यह ज्ञान नहीं है उसे इस अफवाह से मुक्त किया जाय और वास्तविकता से वोध कराया जा सके।

आज का राशिफल

मेष- स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, सामयिक कार्यों में व्यवधान उपस्थित, पारस्परिक सम्बन्धों में मनमुटाव, सुख के साधन में कमी की अनुभूति, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल ।

वृषभ- योजना साकार होने की ओर, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, निराशा का समापन, हषषोललास का वातावरण, सुख साधन के निमित्त व्यय, धर्म में आस्था ।

मिथुन- लाभ का सुअवसर प्राप्त, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, सुपरिणाम हेतु प्रयलशील, आत्मीयजनों से मधुरता।

कर्क- भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, पारिवारिक खुशी, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, कार्यक्षमता में वृद्धि, यात्रा संतोषजनक ।

सिंह- मनोबल में कमी का एहसास, नवीन समस्याएँ उपस्थित, स्वयं का निर्णय अहितकर, वैवाहिक जीवन में अशांति, किसी से विवाद को लेकर परेशान, यात्रा।

कन्या- दिन बेहतर, स्वास्थ्य सुधार पर, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, जनसम्पर्क का सुयोग, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, पुराने विवाद का समापन।

तुला- विचारित कार्यों में अनुकूलता, धन का प्रतिफल प्राप्त, मित्रों के माध्यम से कठिनाइयां समापन पर, मनोरंजन की ओर रुझान, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

वृश्चिक- ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवीन कार्यों की रूपरेखा, इच्छाशक्ति जागृत, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

धनु- समस्याओं से परेशान, अभीष्ट सिद्धि में विलम्ब, पारिवारिक समस्याएं प्रभावी, आपसी गलतफहमी से नुकसान, नवउत्तरदायित्व की निर्वाह में बाधा, धर्म में रुचि।

मकर- परिस्थितियां सुधार पर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, अड़चनों का समापन, नवसम्पर्क से लाभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति प्रयलशील, जीवनसाथी से सहयोग।

कुम्भ- व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, पारिवारिक समस्याएं सुलझने की ओर, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि।

मीन- योजना साकार होने की ओर, वाकूपटुता से कार्यसिद्धि, नौकरी में पदोन्नति, कर्ज की अदायगी का प्रयास, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, प्रतियोगिता में सफलता ।

सफेद रंग, स्याह रंग

मिसेज मैना चौधरी हमारे ग्रुप की मुखिया थी। उम्र में हम सबसे बड़ी और ओहदे में भी। गोरी-चिट्टी, मोटी, दरमियाना कद, बड़ा-सा चेहरा, तीखी और लंबी नाक पूरे चेहरे पर सबसे अधिक उभरती थी। छोटी-छोटी आंखें, पतले-बारीक से होंठ अंदर की ओर मुड़े हुए। और जरूरत से अधिक लंबी ठोड़ी। नाक की सीध में निकाली गई सीधी मांग और कस कर कंघी किए बालों का जूड़ा, माथे पर हमेशा लाल रंग की बिंदी और होंठों पर हल्के रंग की लिपस्टिक जो अंदर की तरफ धंसे होंठों के कारण मुश्किल से दिखाई देती। कभी-कभी मिसेज मैना सूट पहनती थी, पर आमतौर पर साड़ी ही पहना करती और हमेशा टखनों तक ऊंची साड़ी में वह टांगों को चौड़ा करके चलती हुई और भी अधिक बूढ़ी लगती थी। यूं उसकी आयु इतनी नहीं थी। यही कोई चवालीस-पैंतालीस के आसपास होगी। परंतु वह अपनी चाल, पहनावे और मुंह बिचका-बिचका कर बातें करने के अंदाज के कारण अपनी उम्र से दस साल बड़ी लगती थी।

कभी-कभी मेरा मन करता मैं मिसेज मैना को उसके सारे दोष बताकर उसकी पर्सनैलिटी को सुधारने में मदद करूं, पर मेरी हिम्मत न पड़ती क्योंकि उसका दबदबा ही कुछ ऐसा था हम पर। हमारा पांच-छह लड़कियों का ग्रुप था। हम एक ही विभाग में कार्य करते थे। हम एक ही दफ्तर में काम करती थीं। लंच ब्रेक में हम इकट्ठी ही बैठतीं। अपने अपने घरों की, कुलीग्ज की, बॉस की बातें करतीं। मगर सबसे अधिक बातें करती थी मिसेज मैना। वह बोलती तो सब चुप हो जातीं, क्योंकि पद में बड़ी होने के कारण उसकी सभी लड़कियां इज्जत करती थीं। कोई अपने पति के बारे में बात करने लगती तो मिसेज मैना झट टोक देती। हमारे चौधरी साहब तो ऐसे नहीं है, बहुत इंटेलिजेंट हैं, मैं तो उनसे बहुत डरती हूं। मिसेज मैना का हमेशा एक ही राग होता जो वह हमेशा अलापती रहती कि उसके पति बड़े बुद्धिजीवी हैं, बहुत गंभीर हैं और वह उनसे डरती हैं, उनकी बहुत इज्जत करती हैं। फिर क्या हुआ, यदि वह खुद गजेटिड आफिसर है। आखिर है तो वह एक औरत ही और औरत सबसे पहले पत्नी है, फिर मां है, फिर कहीं जाकर वह अफसर होगी। वह भी घर में नहीं, सिर्फ.बाहर। हम लड़कियां मिसेज मैना की बातों से बहुत प्रभावित हुईं। मैंने तो अपने घर में बहुत एडजस्टमेंट किया हुआ है। 19 बरस सास और जेठ-जेठानी, देवर-देवरानी के बीच काटे हैं। कोई औरत मेरी जगह होती तो कभी इतने बरस न काट पाती। अलग हो जाती। मैंने तो सदा सास की बात मानी है। गलत हो या ठीक, मैंने विरोध नहीं किया। मिसेज मैना मुंह बिचका-बिचका कर, आंखों की पुतलियों को फैलाकर और कभी कभी साड़ी का पल्लू ठीक करते हुए बोले जाती। मेरा बेटा, मेरे पति कभी एक चम्मच खाना भी प्लेट में छोड़ दें तो मेरे गले में खाना नहीं उतरता। चौधरी साहब की सेहत का मुझे हर वक्त खयाल रहता है। वह बताती। कितनी आदर्श पत्नी है, मैं सोचती। कितनी समर्पित है अपनी पति के लिए, बच्चों के लिए, घर के लिए। वैसे तो हर औरत समर्पित होती है, पर मिसेज मैना की तरह कौन करती होगी? कभी किसी दिन अगर नाश्ते में चौधरी साहब दही न खाते तो सारा दिन मिसेज मैना इसी बात को लेकर परेशान रहती। जो भी कोई उनकी टेबल पर फाइल या रजिस्टर साइन करवाने जाता, मिसेज मैना पहले साड़ी का पल्लू कंधे पर खींचती, थोड़ा-सा गद्दी वाली कुर्सी पर करवट बदलकर बैठती, फिर आह भरती, फिर होंठों को सिकोड़ कर पुतलियों को फैलाकर, भौंहें ऊपर उठाकर बात शुरू करती बड़ी गर्मी हो गई है। हां जी। साइन करवाने आया बंदा फाइल से नजर हटाकर मैडम की ओर देखने

लगता, थोड़ा-सा मुस्कराता और चेहरे पर शिष्टता लाकर मैडम की बात सुनने लगता। अब तक मैडम ने मौसम की बात शुरू कर के सवेरे उठने से लेकर नाश्ते में चौधरी साहब के दही न खाने वाला कहर सुना दिया था। सुनने वाला इस प्रतीक्षा में मुस्करा कर बात सुने जाता कि कभी तो मैडम बात खत्म कर साइन करेगी ही और वह उठकर जा सकेगा। बात दिल्ली की होती या लाहौर की, दक्खिन की होती या पश्चिम की, रूस की होती या अमेरिका की, वियतनाम, कोरिया, हिन्दुस्तान, पाकिस्तान, ईरान और इराक, इस्राइल या फलस्तीन, बॉस्निया या हरजेगोविना, चीन या देश के किसी कोने में हुए दंगों की, प्रधानमंत्री के विदेश दौरे की, पर हर बात आकर खत्म होती थी चौधरी साहब पर। दुनिया का हर मसला मिसेज मैना को छोटा और बेमानी लगता था। उसके लिए तो सबसे बड़ा मसला था कि आज चौधरी साहब को दो छींकें सवेरे-सवेरे आ गई थीं। परमात्मा सुख रखे, कहीं जुकाम न हो गया हो। आज मैं उनके लिए दम आलू नहीं, काले चनों की तरी बनाऊंगी, वह अच्छी होती है जुकाम के लिए। कभी-कभी मिसेज मैना जब ज्यादा ही रौ में आ जाती तो हमें यह भी सुनाती कि कैसे वह चौधरी साहब के साथ रूठ गई थी और चौधरी साहब ने कैसे उसको मनाया था, बहुत प्यार के साथ। वह चटखारे लेकर सुनाती जाती और हम लड़कियां मुंह खोले यह दिलचस्प किस्सा सुनती रहती। हमें न दफ्तर की सुध होती, न दीन-दुनिया की। हमारे लिए सारी कायनात सिमट कर एक बुत बन जाती और वह बुत होता मिसेज मैना का। लंच टाइम खत्म हो जाता, पर हम किसी जादू-टोने में कीलित बैठी रहतीं। मिसेज मैना की बातों की लड़ी टूटने में न आती। जब उस चुम्बकीय असर वाली महफिल से उठकर हम अपनी अपनी सीट पर जा बैठतीं तो भी मिसेज मैना का जादू हमारे सिरों पर घूं-घूं कर मंडराता रहता। उसके दिए हुए उपदेश एक एक कर जहन में घूमते रहते। औरत को घर में बहुत झुककर, बहुत सहनशीलता से चलना चाहिए, तभी तो सुख-शांति रहेगी घर में, और फिर दिखावा हो भी तो किसलिए? पति, बच्चे तो औरत की जान होते हैं, रूह होते हैं, फिर अपनी जान से, अपनी रूह से कैसा दिखावा? कैसी अक-ड़? कैसा अहंकार? कितना वजन था मिसेज मैना की बातों में। वाकई अपनी रूह के आगे कैसा दिखावा, कैसा आडंबर? मैं सोचती। पर चौधरी साहिब तो अच्छे होंगे इसलिए मिसेज मैना समर्पित है। पर यदि आदमी ढंग का न हो तो कैसा समर्पण? मैं शशोपंज में पड़ी रहती। मिसेज मैना दिल की भी खुली औरत थी। हम लड़कियों को हमेशा अपने घर आने के लिए आमंत्रित करती रहती। हम कई बार उसके घर गईं भी। वह दौड़-दौड़कर काम करती चौधरी साहब के लिए, हमारे लिए। अपने जवान हो रहे बच्चों के लिए, सास के लिए चाय बनाती, पापड़ तलती। कभी-कभी हमें खाने पर भी बुलाती। हम जातीं तो वह कई प्रकार के पकवान बनाती। दूधवाला मीट, दम आलू, मेथी-चने की सब्जी, घीया और दही की सब्जी, पनीर और दूध की तरी वाली सब्जी, चावल आदि और फिर खाने के बाद वह हमें काहवा पिलाती और साथ ही अपनी बनाई सब्जियों को बनाने की विधि बताने बैठ जाती। अगली बार आओगी तो मैं कीमे के कबाब बनाकर खिलाऊंगी। वह कहती। काम आना चाहिए। और घर का सब काम सीखना चाहिए, इससे पति खुश रहता है। पति को वश में करने के सब उपाय आने चाहिए। अरे, बड़ी बोर है तुम्हारी यह मिसेज मैना तो, हर वक्त उपदेश ही देती रहती है। अरे तू यहां क्या करती है, इस दफ्तर में? जाकर कहीं कोई ट्रेनिंग स्कूल खोल ले, जहां सिखाती रहना कि पति को कैसे वश में रखते हैं। हमारी एक नई आई कुलीग ने करीब दो दिन बाद ही मिसेज मैना की बातें सुनकर ये कमेंट दिए तो सब हैरान होकर उसकी ओर देखने लग गए, मानो उसने कोई विचित्र बात कह दी हो। छुट्टी का दिन था, मैं कुछ आवश्यक चीजें लेने के लिए बाजार को निकली थी। वापस लौटने लगी तो एक-चौथाई दिन अभी शेष था। गर्मियों की शामें भी तो कितनी खुली-खुली होती हैं। एकदम मुझे मिसेज मैना का खयाल आ गया। अगर मैं दो मोड़ दायें हाथ की ओर मुड़ती तो उसका घर आ जाता। एक खयाल बिजली की तरह मेरे मन में कौंधा, क्यों न मैं अचानक जाकर मिसेज मैना को चौंका दूं। थोड़ी चमचागिरी भी हो जाएगी और टाइमपास भी। यह सोचकर मैं मिसेज मैना के घर की तरफ मुड़ गई। क्या कर रही होगी? मैंने सोचा, जरूर किचन में तप रही होगी। बेचारी दिनभर दफ्तर में खपती है। फिर शाम को किचन में घुस जाती है। बच्चों की अलग फरमाइश, पति की अलग, सास की अलग, सास अधिकतर मिसेज मैना के पास ही रहती है। दूसरे शहरों में बस गए उसके जेठ-जेठानी और देवर-देवरानी की ओर वह कम ही जाती थी। मेरे जितनी सेवा वो कहां कर लेंगी? मिसेज मैना इसका कारण यही बताती थी। मैं डोर बेल दबाने ही वाली थी, पर देखा बाहरी दरवाजा तो भिड़ा हुआ था। शायद कोई बच्चा अभी बाहर निकल कर गया होगा। मैं अंदर गई तो दूसरे कमरे में से मिसेज मैना की तीखी और चिल्लाहट भरी आवाज कानों से टकराई। पंखे की हवा से बीच वाला परदा हिल रहा था, पर नजर कुछ नहीं आ रहा था। शर्म आनी चाहिए, मेरा नए गिलासों का सैट खराब कर दिया। ध्यान से नहीं धो सकते थे, तुम्हारा क्या बाप लाकर देगा मुझे ऐसे गिलास? उसने तो कभी देखा भी नहीं होगा ऐसा सैट। शायद मिसेज मैना अपने नौकर को डांट रही थी। पर वह तो नौकर रखने के सख्त खिलाफ थी। अब शायद रख लिया हो, मैंने सोचा। मेरी तो किस्मत फूटी थी जो तुम जैसे बेवकूफ से पाला पड़ा, जिसे न अक्ल है, न जब परदा उठाकर मैंने अचानक अंदर झांका तो मिसेज मैना बुरी तरह बरस रही थी। छोटे कद का दुर्बल-सा मि. चौधरी अपराधियों की तरह खड़ा था और गुस्से से लाल-पीली हुई मिसेज मैना सोफे पर बैठी थी, हाथ में टूटा हुआ गिलास पकड़े।

लोस चुनाव : मतदान स्थल पहुंची पोलिंग पार्टियां

जिलाधिकारी ने मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

परिवर्तन दूत

भदोही। भदोही लोकसभा सीट के लिए छठवें चरण में 25 में को चुनाव होना है। पोलिंग पार्टियां जिला मुख्यालय से मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुई। भदोही लोकसभा क्षेत्र में कुल 1169 मतदान केंद्र व 2084 मतदेय स्थल हैं। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। पोलिंग पार्टियों की मतदेय स्थलों के लिए रवाना हो गई है। मेडिकल व पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। मतदान को लेकर पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद है।

लोकल पुलिस एरिया डोमिनेशन के लिए लगी हुई है। हर बिंदु पर तैयारी की गई है। बिल्कुल पारदर्शी व निष्पक्ष व निर्बाध तरीके से चुनाव सम्पन्न होगा। अति संवेदनशील बूथ पर विशेष निगरानी रहेगी। 600 से अधिक बूथों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी। इसके

अतिरिक्त 200 की संख्या में माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। 5 कम्पनियां एसएसबी की लगी हैं।। सीएपीएफ भी लगाई जा रही है। जहां जिस तरह की आवश्यकता है। उसे डिफॉल्ट किया जा रहा है।

अवगत हो कि भदोही लोकसभा में प्रयागराज की 2 विधानसभा सीट मिलाकर कुल 5 विधानसभा शामिल हैं। कुल 2018135 मतदाता 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगें। भदोही सीट पर बीजेपी और इंडिया गठबंधन के टीएमसी उम्मीदवार के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। निषाद पार्टी से मिजार्पुर के मझवां विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक डॉ. विनोद कुमार बिंद को भाजपा ने इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन के तृणमूल कांग्रेस से पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव मैदान में हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने भदोही विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

लोकसभा क्षेत्र में कुल 5 विधानसभा वार मतदाता- भदोही-434305, ज्ञानपुर-393735, औराई-380570, हंडिया-400811, प्रतापपुर-408714. कुल मतदाता :- 2018135 पुरूष मतदाता :- 106522 महिला मतदाता :- 952036 ट्रांस्जेंडर/अन्य-177.

गंगा में मिला युवक का शव

मिर्जापुर (परिवर्तन दूत)। गंगा नदी में एक युवक का शव उतराया हुआ मिला है। शम मिलने की सूचना पर लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान विंध्याचल थाना क्षेत्र के कंतित निवासी शिवम शर्मा (20) पुत्र कृष्ण के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे परिजन ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजन ने बताया कि शिवम बुधवार को सुबह लगभग 9 बजे घर से चाय पीकर घर से निकला। अपना मोबाइल फोन चार्जर में लगाकर थोड़ी देर में आने की बात कह के बाहर निकल गया। दिन भर वह घर नहीं आया। देर रात तक उसके घर न लौटने पर परिजनों ने आस-पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसका पता नहीं चला। परिजन युवक की तलाश में लग रहे। परिजन विंध्याचल थाने में तहरीर लेकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। थाने में जानकारी मिली कि गाजिया गांव के पास गंगा नदी किनारे एक युवक का शव पड़ा है।

अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

बोले- न्यायालय भवन निर्माण को लेकर सांसद ने नहीं किया सहयोग

भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ की नारेबाजी

परिवर्तन दूत

चंदौली। कचहरी परिसर में शुक्रवार को संयुक्त बार के अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने भाजपा प्रत्याशी डा. महेंद्र नाथ पांडेय के खिलाफ विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि न्यायालय भवन निर्माण के लिए आंदोलन चलाने के दौरान सांसद और केंद्रीय मंत्री रहते हुए डा. महेंद्र नाथ पांडेय ने सहयोग नहीं किया। ऐसे में चुनाव के दौरान अधिवक्ता उनका विरोध करते रहेंगे।

सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभानु सिंह ने बताया कि चंदौली जिला का गठन होने 27 साल बाद भी अभी तक न्यायालय भवन नहीं बन सका हैं। इसके लिए अधिवक्ताओं ने कई बार आंदोलन किया। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने अधिवक्ताओं के

साथ सहयोग करने का काम नहीं किया। वहीं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वरिष्ठ अधिवक्ता जन्मेजय सिंह ने बताया कि न्यायालय भवन निर्माण के लिए आंदोलन करने के साथ ही वह पैदल लखनऊ और नई दिल्ली गए। लेकिन इस दौरान चंदौली से दो बार सांसद रहे डा. महेंद्र नाथ पांडेय ने कोई सहयोग नहीं किया। उनके सांसद रहते हुए आज जिले की हालत ज्यादा बदहाल हुई हैं।

पॉलिटेक्निक कालेज आज जर्जर हालत में हैं। चंदौली स्टेशन पर किसी भी प्रमुख ट्रेन का ठहराव नहीं हैं। लेकिन इन मुद्दों को सांसद के सामने रखने पर वह नाराज हो जाते हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया हैं कि ऐसे सांसद का विरोध करते रहेंगे। इस दौरान ट्वींकल सिंह, इमरान सिद्की सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

तीन अंतर्राज्यीय शराब तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत डॉ मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद के रास्ते अवैध शराब, मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उक्त के क्रम में रात्रि में थाना गोपीगंज व एफ.एस.टी. की संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन ज्ञानपुर रोड, मार्ग से अवैध शराब तस्करी में लिप्त गिरोह के 3 अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा शराब तस्करों के कब्जे से 572 पाउच 180 (102.960 लीटर) 8 स्पेशल व ऑफिसर च्वाइस अवैध अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 70 हजार रुपए बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तारशुदा शराब तस्करों के विरुद्ध मुअसं-123/2024 धारा-60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया। बरामदशुदा शराब को तस्करों द्वारा बिहार राज्य में महंगे दामों पर खपाने की योजना थी। गिरफ्तारशुदा अंतर्राज्यीय शराब तस्करों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। पूछताछ करने पर गिरफ्तारशुदा शराब तस्करों ने बताया कि हम लोग अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ व ज्यादा पैसा कमाने के लिए बिहार राज्य में महंगे दामों पर शराब बेचने का काम करते हैं।

विकास के मुद्दे पर विश्वकर्मा समाज करें मतदान- श्रीकांत

परिवर्तन दूत

चंदौली। जिला मुख्यालय के नेहरू नगर में देर शाम को विश्वकर्मा उत्थान मंच की ओर से समाज के लोगों की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा विधायक रमेश जायसवाल और जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह भी शामिल हुए। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने आपसी विचार विमर्श के बाद जिलाध्यक्ष श्रीकांत विश्वकर्मा ने बताया कि विकास के मुद्दे को लेकर विश्वकर्मा समाज के लोग मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि डा. महेंद्रनाथ पांडेय चंदौली से दो बार सांसद रहते हुए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन कार्यो के बदौलत पिछड़े जिले का विकास काफी तेजी से हुआ हैं। इन्ही बातों को देखते हुए विश्वकर्मा समाज के लोगों ने उन्हें समर्थन देने

का घोषणा किया हैं। मुगलसराय से भाजपा विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के लिए काफी अच्छा कार्य किया हैं। क्योंकि इस समाज को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबल बनाने के लिए कई योजनाओं का संचालन किया। जिसे अगले कार्यकाल में भी प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के विकास कर किरण समाज के सभी वर्गों तक पहुंची हैं। ऐसे में विश्वकर्मा समाज के उत्थान को लेकर भी हमारे जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों का ईमानदारी से निवर्हन करेंगे।

इस दौरान अनीता शर्मा, भोला विश्वकर्मा, विजय, नीरज, अमित , राहुल, राजेश, शुभम पांडेय, हरेंद्र उपाध्याय, अमन कुमार, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, धर्मेंद्र, सिद्धार्थ मौजूद रहे।

18 लाख की हेरोइन संग दो गिरफ्तार

मिर्जापुर (परिवर्तन दूत)। थाना कोतवाली देहात व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने करीब 18 लाख के हेरोइन के साथ मोटरसाइकिल सवार दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया। रेलवे ओवर ब्रिज शाहपुर चौसा मोड़ बरकछा कलां के पास से मोटरसाइकिल सवार दो अभियुक्तों पिन्टू सोनकर पुत्र स्व. सीताराम निवासी बरकछा कलां तथा सुभाष कुमार पुत्र विशुन प्रसाद निवासी ग्राम मानधातापुर को पकड़ा। जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी पिन्टू सोनकर के पास से 80 ग्राम एवं सुभाष कुमार के पास से 75 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। इस प्रकार कुल 155 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात राणा प्रताप यादव, उप-निरीक्षक संजय सिंह प्रभारी एसओजी, उप-निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस पुलिस रहे।

बोलेरो बिजली के पोल से टकराई, चालक घायल

परिवर्तन दूत

अहरौरा, मिर्जापुर। थाना क्षेत्र के सोनपुर पहाड़ी के पास अनियंत्रित बोलेरों विद्युत पोल में टकराई चालक गंभीर रूप से घायल। दिन शुक्रवार की देर रात्रि दुमदुमा पहाड़ी थाना चुनार निवासी रामकोश पुत्र बसन्त पाल (32) वर्ष शादी समारोह बारात से होकर घर वापस जा रहा था कि अहरौरा-जमुई मुख्य मार्ग पर स्थित सोनपुर पहाड़ी (भगौती देई) के समीप हनुमान मंदिर ढलान पर बोलेरों अनियंत्रित हो गई और विद्युत पोल में जा टकराई। जिसमे चालक रामकोश गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन शैलेन्द्र यादव व चालक शशिकांत सिंह के द्वारा

घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सको ने घायल की प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। वही पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त बोलेरों वाहन को किनारे करवाकर आवागमन सुचारू रूप से चालू करवाकर और घायल के परिजन को सूचना दे दिया गया।

संक्षिप्त खबरे...

अनुप्रिया के खिलाफ छोटी बहन पल्लवी 27 को भरेंगी हुंकार

मिर्जापुर (परिवर्तन दूत)। मिर्जापुर में अपना दल एस की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के खिलाफ उनकी छोटी बहन विधायक पल्लवी पटेल 27 मई को जनसभा को संबोधित करेंगी। विधायक पल्लवी पटेल 12 घंटे में 7 नुक्कड़ सभा में शामिल होंगी। विधायक पल्लवी पटेल की पहली नुक्कड़ सभा जमालपुर में 9 बजे, अदलहाट 11 बजे, नरायनपुर 1 बजे, चुनार 3 बजे, मिजार्पुर नगर 5:30 बजे, लालगंज 7 बजे और हलिया में अनुप्रिया के खिलाफ प्रचार करते हुए अपने प्रत्याशी के समर्थन में 8 बजे आम जनता को संबोधित करेगी। वह अपना दल कमेरावादी के प्रत्याशी दौलत सिंह पटेल के लिए वोट मांगेगी। मां से बगावत कर अपना दल एस बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी अनुप्रिया को चुनावी जंग में कई मोर्चा पर जूझना पड़ रहा है। जिले की समस्याओं की अनदेखी से वोट खिसक रहा है। केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद कुछ अलग हटकर जिले को कोई सौगात देने में कंजूसी भारी पड़ता नजर आ रहा है।

सात दिवसीय फुटबाल मैच का आयोजन

सकलडीहा (परिवर्तन दूत)। विकास खण्ड के बसिला गांव में आदर्श स्पोर्टिंग क्लब बसिला की ओर से सात दिवसीय फुटबाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें जनपद सहित गैर जनपद के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। साथ ही टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न टीमों ने मैच खेला। क्षेत्र के बसिला गांव के खेल मैदान में सात दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन धराव व रामनगर के बिच मैच खेला गया। इस मैच में कड़ा मुकाबला के बाद धाराव की टीम ने रामनगर की टीम को ट्राईबेकर में एक गोल मारकर विजयी रही। इस मौके पर प्रबंधक अजय कुमार रावत,अध्यक्ष रविंद्र कुमार रिंकू, अभिषेक प्रताप एड, अजय कुमार पुल्लू,दीपक कुमार, बृजेश कुमार दरोगा, वसीम अहमद, लक्ष्मीकांत, हैदर अली, इद्रीस अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

पशु तस्कर गिरफ्तार, दो मवेशी बरामद

चन्दौली (परिवर्तन दूत)। सकलडीहा कोतवाली पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पशु तस्कर दो गोवंश को मैजिक वाहन पर लादकर वध के लिए ले जा रहा था। तभी सघन तिराहा के पास पुलिस ने धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है।गिरफ्तार तस्कर को पुलिस ने विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर देर शाम संदिग्ध वाहनों और लोगों की जांच की जा रही थी। तभी सूचना मिली कि एक गो तस्कर गाजीपुर जनपद के सैदपुर से मैजिक वाहन पर पशुओं को लादकर चहनिया के रास्ते सकलडीहा होते हुए बिहार जाने वाला है। इस पर पुलिस तत्परता दिखाते हुए सघन तिराहा पहुंच जांच करने लगी। तभी एक मैजिक वाहन आते हुए दिखाई दी। जिसको पुलिस ने रोककर जांच की। तो उसमें दो गोवंश मिले। वही मैजिक चालक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा और कारतूस मिला।

कंपोजिट विद्यालय की बैटरी उठा ले गये चोर

परिवर्तन दूत

चन्दौली। सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के डेढ़ावल कंपोजिट विद्यालय में चोरी हो गई। चोरों ने बच्चो के शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए लगाए गए सामानों पर हाथ साफ कर दिया है। चोर विद्यालय का ताला तोड़कर पांच बैटरी, दो इन्वर्टर, तीन सीपीयू और एक कंप्यूटर सेट सहित अन्य सामान चुरा ले है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रधानाध्यापक मदन राम ने बताया कि की शुक्रवार सुबह विद्यालय खोलने पहुंचे तो ताला टूटा था। उन्होंने बताया कि चोर प्राथमिक विद्यालय के छोटा गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद विद्यालय भवन के मुख्य गेट के दो ताले को काटकर अंदर दाखिल हो गए। कार्यालय का ताला तोड़कर उसमें रखा कंप्यूटर, सीपीयू सहित पूरा सेट उठा ले गए। वहीं लैब को निशाना बनाते हुए उसमें से पांच बड़ी बैटरी, दो सीपीयू एवं दो इन्वर्टर सहित अन्य सामान उठा ले गए। मदन राम ने बताया कि इससे पूर्व बीते वर्ष भी ताला तोड़कर लगभग दो सौ बच्चों के खाने की थाली गिलास गैस सिलेंडर एवं पांच सीलिंग फैन,लड़कियों को सीखने के लिए रखी छह साइकिल आदि चुरा ले गए थे। घटना की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी सकलडीहा को भी दे दी गई। इस संबंध में डेढ़ावल चौकी प्रभारी सुरेश प्रकाश ने बताया चोरी की घटना की पड़ताल की जा रही है।

आटो-बाइक की टक्कर में महिला सहित चार घायल

भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो। गोपीगंज नगर मे राष्ट्रीय राजमार्ग मीरजापुर तिराहा के पास आटो बाइक की हुई टक्कर में आटो व बाइक दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। आटो औराई की ओर से सवारी लादकर गोपीगंज आ रहा था शहीद तिराहा के पास बाइक से हुई टक्कर में आटो सवार रमाशंकर पाल 70 वर्ष लोकमनपुर हण्डिया प्रयागराज व बाइक सवार नीरज सरोज 28 वर्ष, कुमारी मीरा 20 वर्ष पुत्री लक्ष्नधारी, सुनीता देवी 40 वर्ष पत्नी लक्ष्नधारी ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के फौदीपुर गांव निवासी घायल हो गए। घायल अवस्था में आसपास के लोगों द्वारा सभी को गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

निर्वाचन प्रक्रिया नियमों व दिशानुरूप सम्पन्न होगा- प्रेक्षकगण

भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी0 नायक, विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में केन्द्रीय प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम, पुलिस प्रेक्षक संध्या रानी मेहता, व्यय प्रेक्षक शशिभूषण, जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन के साथ जनपद में निर्वाचन सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा जिलाधिकारी कक्ष में की गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा नामित विशेष प्रेक्षकों को जनपद में निर्वाचन हेतु किये गये समग्र तैयारियों से अवगत कराया। उन्होंने पोस्टल बैलेट से हुए मतकार्मिकों, सर्विस वोटरर्स के साथ ही फार्म-12डी के माध्यम से 85 प्लस व दिव्यांगजन मतदाताओं द्वारा किये गये मतदान संख्या से भी अवगत कराया। साथ ही साथ बेबकास्टिंग मॉडल बूथ, मतदाता सूचना पर्ची व वोटर गाईडलाईन वितरण, लो वोटर्स टर्न आउट बूथ, सुनिश्चित मूलभूत सुविधाएं सहित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रेक्षकगणों का ध्यान आकर्षित कराया। पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन ने निर्वाचन को शान्तिपूर्ण व कानून व्यवस्था के दायरें में कराने हेतु पुलिस बलों की ड्यूटी सहित संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों हेतु किये गये विशेष प्रबन्ध सहित विभिन्न बिन्दुओं पर अवगत कराया।

नामित विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी नायक, विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि 78-भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रच में भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व दिशा निदेर्शानुरूप चुनाव सम्पन्न होगा। जिसमें आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने जनपद के मतदाताओं से अपील किया है कि 25 मई को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अमूल्य मतदान अवश्य करें।

कालोनियों में निकाली गई जागरूकता रैली

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

परिवर्तन दूत

भदोही। केंद्रीय संचार ब्यूरो वाराणसी के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रजपुरा आवासीय परिसर पार्क में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। वहीं कलाकारों ने गीत प्रस्तुत कर मतदान करने का संदेश दिया। वहीं जागरूकता के लिए कालोनी में रैली निकाली गई।

केंद्रीय संचार ब्यूरो वाराणसी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ लालजी ने कहा कि जिनका नाम वोटर लिस्ट में है। वे अपना वोटर पहचान पत्र अथवा अन्य कोई भी पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, आधार, बैंक का फोटो युक्त पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड सरकारी विभाग का पहचान पत्र आदि साथ में लेकर जाएं। 25 मई को जाति, धर्म, वर्ग और बिना किसी प्रलोभन के अपना मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के

भीतर मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित है। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील जारी की जा रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भदोही के मुख्य शाखा के शाखा प्रबंधक हेम पाल ने कहा कि युवा वर्ग को मतदान में परिवार बुजुर्गों का सहयोगी बनाना चाहिए। जिससे वे मतदान केंद्र तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मतदान करें। उसके बाद ही कोई काम करें।

व्यापारी जेएस जैन ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हम सभी के एक-एक मत की अहम भूमिका होती है। ऐसे में सभी को चाहिए कि वह 25 मई को सबसे पहले मतदान करें। उसके बाद ही कोई और काम करें। मतदान को प्राथमिकता देते हुए बूथ तक पहुंचे।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई और कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किया। गीत के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया। कालोनी में रैली भी निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली में शामिल लोगों ने पूरे कालोनी में भ्रमण किया।

कार्यक्रम में रामू शर्मा, महेश जायसवाल, संजय श्रीवास्तव, शैलेश पाठक विनय सिंह व धर्मेंद्र तिवारी सहित सामाजिक संस्था हमार भदोही, भारत विकास परिषद कालीन नगरी शाखा व एथिक्राफ्ट्स की कार्यक्रम में सहभागिता रही।

डीएम ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण

भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत विशाल सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी भदोही व डॉ मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के संयुक्त निर्देशन में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा केंद्रीय बल सहित स्थानीय पुलिस बल के साथ जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में निर्वाचन गाइडलाइंस का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया। आमजन से संवाद कर उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही चुनाव में खलल डालने वाले शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी भी जारी की गई।

सभी कार्मिक एवं सुरक्षा बल मतदाताओं का सहयोग तथा विनम्र व्यवहार करें

भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर बने वोटर असिस्टेंस बूथ पर एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर तैनात रहें, उसके स्थान पर उनके पुत्र, पति, रिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें। मतदान केन्द्र में वोटर असिस्टेंस बूथ दृष्टव्य स्थान पर बनाया जाय और इसके साथ ही प्रवेश द्वार पर प्रत्येक पोलिंग बूथ की जानकारी, पानी की सुविधा, शौचालय आदि के संबंध में उचित साइनेज लगाया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचना पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण कराते हुए मतदाताओं के नाम व मोबाइल नं० आदि का विवरण भी लिया जाये। मतदाता सूचना पर्ची किन्हीं कारणों से प्राप्त न होने की दशा में मतदाता मतदेय स्थल पर उपलब्ध मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया जाए कि मतदान के दिन मतदाता सूचना पर्ची के स्थान पर राजनैतिक दलों द्वारा जारी की पर्ची लाने पर भी मतदाता को मतदान करने दिया जाये। इसके साथ ही मतदान के दिन मतदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये पहचान संबंधी दस्तावेज और मतदाता सूची में उपलब्ध विवरण से मामूली भिन्नता की स्थिति में उसे मतदान से वंचित न किया जाये। मतदान के दिन निर्वाचन ड्यूटी में लगे सभी कार्मिक एवं सुरक्षा बल मतदाताओं का सहयोग तथा विनम्र व्यवहार करें। यदि कोई व्यक्ति मतदान हेतु अपने वाहन से परिवार के साथ पोलिंग बूथ पर जा रहा हो, तो उसे निर्धारित स्थान तक जाने दिया जाये, पुलिस द्वारा उसे रोका न जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के दिन मतदान कार्मिकों को सचेत किया कि वे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों से बचें। शिकायत पर बीएलओ या पोलिंग

बेकाबू कार ने राजगीर मिस्त्री को रौंदा

पेड़ से टकराकर रुकी कार - चालक फरार, भड़के परिजन

मऊ। मऊ के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के भीखमपुर के पास शुक्रवार की सुबह बेकाबू एक स्कॉर्पियो ने काम पर जा रहे साइकिल सवार राजगीर मिस्त्री को टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। उधर हादसे में घायल राजगीर मिस्त्री की मौके पर मौत हो गई, वहीं स्कार्पियो चालक घायल अवस्था में फरार हो गया। सूचना मिलने पर राजगीर मिस्त्री के परिजन और स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के लरेवा गांव निवासी रामचंद्र चौहान (60) पुत्र टुन्नू राजगीर मिस्त्री का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे वह अपनी साइकिल से साइट पर जाने के लिए निकला था।

अभी वह थाना क्षेत्र के ग्राम भीखमपुर स्थित एक निजी इंटर कालेज के पास पहुंचा था कि चिरैयाकोट की तरफ से गाजीपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में रामचंद्र की मौके पर मौत हो गई। उधर, घटना के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई।

जाम की सूचना मिलने पर एक घंटे के बाद पहुंचे तहसीलदार मुहम्मदाबाद गोहना आलोक रंजन सिंह चिरैयाकोट एसओ संजय कुमार त्रिपाठी के साथ मौके पर पहुंचकर चालक की गिरफ्तारी और उचित मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन लोगो को देकर जाम को समाप्त कराया। इस दौरान करीब एक घंटे तक जाम के चलते इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।

चोरी के गहनों को बेचने जा रहा था ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

आजमगढ़। कोतवाली क्षेत्र के नगर कस्बा के बंधा रोड से बृहस्पतिवार को चोरी के डेढ़ लाख के गहनों के साथ ई रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। चोरी में साथ देने वाला उसका दूसरा साथी फरार होने में कामयाब रहा। दोनों ई-रिक्शा से चोरी के गहने बेचने जा रहे थे। पुलिस ने आरोपी के पास से डेढ़ लाख से अधिक मूल्य के आभूषण, तमंचा और कारतूस जब्त किया है। कोतवाली पुलिस ने एक सप्ताह में चोरी की दूसरी बड़ी घटना का खुलासा किया है। सीओ मुहम्मदाबाद गोहना डॉ. अजय विक्रम सिंह ने बताया कि 15 मई को आजमगढ़ के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के देवकली तारण गांव निवासी आरती का कैलेंडर तिराहा से गहनों से भरा बैग चोरी हो गया था। महिला ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस कस्बे में लगे सीसी कैमरों के फुटेज की जांच की थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर बृहस्पतिवार को बंधा रोड से बरईपुर मुहल्ला निवासी ई-रिक्शा चालक अतीक अहमद पुत्र अलाउद्दीन को चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चोरी दो चेन, एक लॉकेट, एक जोड़ी पायल बरामद हुई।

गर्मी में बुखार और डिहाइड्रेशन के बढ़े मरीज

जौनपुर। मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव के कारण लोगों की सेहत बिगड़ रही है। कभी धूप कभी आसमान में बादल और तेज हवा के कारण लोग तमाम तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल में इलाज के लिए मरीजों की भीड़ लग रही है। बृहस्पतिवार को अवकाश के बावजूद 756 मरीजों का इलाज हुआ। जबकि ओपीडी 12 बजे तक चली।

उमस भरी गर्मी के कारण लोगों में चक्कर आने की शिकायत मिल रही है। इसके अलावा

डिहाइड्रेशन की परेशानी, बुखार और कमजोरी से भी लोग परेशान हैं। कुछ लोगों में डायरिया की भी शिकायत मिल रही है। ऐसे में डाक्टर मरीजों को खानपान और बचाव करने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो हर सौ मरीज में 15 से 20 मरीज ऐसे आ रहे हैं, जिन्हें कमजोरी और चक्कर आने की शिकायत है। मरीजों को तरल पदार्थ का अधिक सेवन करने की सलाह दी जा रही है। बृहस्पतिवार को करीब 200 से अधिक मरीज इलाज के लिए ऐसे आए, जिनमें डिहाइड्रेशन की शिकायत थी। छोटे बच्चों भी डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। डॉक्टर पर्याप्त पानी पीने के साथ गन्ने का रस, छाछ, शर्बत पीने की सलाह दे रहे हैं।

बरात से घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

जौनपुर। क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर देर रात में बारात से वापस लौटते समय पुरउपुर नहर पुलिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां रोहित प्रकाश की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से परिजन बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज के एक निजी अस्पताल ले गए। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मछलीशहर के मोहल्ला उमराना निवासी रोहित प्रकाश गौतम (30), रवि रंजन गौतम (25) प्रयागराज मार्ग पर किसी बारात से लौट रहे थे। इस दौरान पुरउपुर नहर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रोहित प्रकाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बीती रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। एक वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं रवि रंजन को इलाज के बाद चिकित्सक ने छुट्टी दे दी। इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया है कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

'राहुल से लेकर लालू, केजरीवाल सभी बेल पर'

जेपी नड्डा ने विपक्ष पर चलाया सियासी बाण

बलिया। घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार का गठबंधन है। राहुल से लेकर लालू, केजरीवाल सभी बेल पर चल रहे हैं। इनके नेता या तो बेल पर हैं या जेल में। विपक्ष दल राम विरोधी है। कांग्रेस ने राम को बताया था काल्पनिक। ये राष्ट्र विरोधी हैं, सनातन धर्म विरोधी है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को बलिया के जनाड़ी स्थित मैदान में विपक्षी गठबंधन और नेताओं पर जमकर शब्द बाण चलाए। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस धर्म के नाम पर आरक्षण लाना चाहते हैं। यह दलितों के आरक्षण पर डाका डालने का काम है। अखिलेश यादव पिछड़ा और दलित विरोधी हैं। राहुल गांधी की भी मंशा धर्म के आधार पर आरक्षण लाने की है। संविधान की जानकारी राहुल गांधी को नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर भाजपा काम नहीं करती। घमंडिया गठबंधन, परिवारवाद का पोषक है। उन्होंने कहा कि बदलते भारत में भारत की राजनीति भी बदल गई है। इसको समझना चाहिए। जेपी नड्डा कहा कि हमने कोरोना को देखा है। 140 करोड़ देशवासियों को डबल डोज बूस्टर के साथ वैक्सीन लगा कर देशवासियों को बचा लिया। कोरोना में अमेरिका की अर्थ नीति डांवाडोल हो गई। जापान, चीन और ऑस्ट्रेलिया भी परेशान हो गए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना और यूक्रेन युद्ध के बाद भी भारत 11 स्थानों की छलांग लगाकर देश में पांचवे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया। बहुत जल्द दुनिया में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मैं स्वास्थ्य मंत्री रहा हूं। इस देश में डिप्थीरिया की दवा आने में 28 से 30 साल लगे, टेटनेस की दवा आने के लिए 30 साल लगे। जापानी बुखार की दवा आने में 100 साल लगे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 महीने के अंदर एक नहीं दो-दो कोराना रोधी वैक्सीन बना पूरे देश को दिखा दिया। आज भारत दवा बनाने में दुनिया में दूसरे नंबर पर खड़ा है। एक्सपोर्ट में नंबर वन पर है। 97% मोबाइल आज भारत बना रहा है। 10 साल पहले इसी मोबाइल पर लिखा होता था मेड इन चाइना, मेड इन जापान। अब मेड इन इंडिया लिखा है।

खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक युवक की मौत, दंपति घायल

मां की गोद में बैठी मासूम मुनिया पूरी तरह सुरक्षित

सोनभद्र। सोनभद्र के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के करसोता गांव में शुक्रवार को सड़क किनारे ट्रक में टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में युवक के दीदी-जीजा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पांच माह की मासूम बाल-बाल बच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घायलों को घोरावल सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

करसोता गांव निवासी विशाल कोल (18) पुत्र बलिराम अपनी दीदी वंदना (23) और जीजा मुर्तिया गांव निवासी सतेंद्र (25) पुत्र रामशरण कोल को लेकर बाइक से शुक्रवार की भोर में घोरावल की ओर जा रहा था। उसकी पांच माह की भांजी मुनिया मां की गोद में थी। खुटहां बायपास के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक में बाइक पीछे से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे विशाल कोल की मौत हो गई। वहीं सत्येंद्र और वंदना गंभीर रूप से घायल हो गए। मां की गोद में बैठी मासूम मुनिया पूरी तरह सुरक्षित है।

खड़ी ट्रक में टकराई स्कार्पियो, एक की मौत

मां-बेटा समेत चार घायल, जा रहे थे बीएचयू

सोनभद्र। वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर चोपन थाना क्षेत्र के परासपानी में बेकाबू स्कार्पियो खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में स्कार्पियो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मां-बेटा समेत चार लोग घायल हुए। उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्कार्पियो सवार दुद्धी से बनारस जा रहे थे।

परासपानी स्थित वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर केशव राम महाविद्यालय के सामने खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही अनियंत्रित स्कॉर्पियो तेज गति से टकरा गई। घटना में घायल चालक अमरेश (25) पुत्र रमाशंकर कुशवाहा, यशोदा देवी (48) पत्नी राजेश, उपेंद्र पनिका (34) पुत्र राजेश तीनों निवासी डूमरडीहा दुद्धी, सोनू (30) रहीगर पुत्र राजेश, राजेश रहीगर (53) पुत्र स्वर्गीय दयाराम दोनों निवासी रामानुजगंज बलरामपुर छत्तीसगढ गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। चोपन पुलिस व राहगीरों की मदद से स्कार्पियो सवार घायल सभी घायलों को एम्बुलेंस से चोपन अस्पताल भेज दिया गया जहां से सभी को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में राजेश की मौत हो गई। उपेंद्र व अमरेश की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल से वाराणसी रेफर कर दिया गया।

खरबूजे लदे ट्रक में पिकअप ने मारी टक्कर, पांच घायल

आजमगढ़। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर खरबूजे लदे ट्रक में बकरी लदी पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइर तोड़ खाई में पलट गया। इस हादसे में दोनों वाहनों में सवार पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें यूपीडा की टीम न इलाज के लिए अस्पताल भेज कर भर्ती कराया।

पवई थाना अंतर्गत अंडिका गांव के पास प्वाइंट 194.2 पर ट्रक व पिकअप की टक्कर हो गई। ट्रक चालक वासुदेव निवासी बाराबंकी खरबूजा लदा ट्रक लेकर गाजीपुर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही पिकअप ने ट्रक में टक्कर मार दिया। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ने हुए खाई में चला गया। सूचना पर यूपीडी की टीम मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को वाहनों से निकाल कर इलाज के लिए सीएचसी अहरौला भेजा। घायलों में ट्रक चालक वासुदेव के अलावा पिकअप सवार अजय कुमार, करन, पंकज व पिन्नी शामिल है।

युवती से मारपीट में दंपति समेत चार पर केस

सोनभद्र। घोरावल कस्बे में हुई मारपीट में युवती के घायल होने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। पुलिस को दी तहरीर में वार्ड नंबर एक निवासी पुष्पा ने बताया कि उसी वार्ड के रहने वाले जित्तू, उसकी पत्नी केशर, पुत्र मनोज, बहू सरिता ने पुराने विवाद को लेकर लात-घूसे, लाठी-डंडे से उसके साथ मारपीट की। इससे वह घायल हो गई। तहरीर पर पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण व उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ घायल

जौनपुर। नगर के डोभी गांव में रेलवे पटरी पर सुबह एक व्यक्ति शौच के लिए गया था। इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार जम्मूतवी सियालदह एक्सप्रेस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। खेतासराय थाना क्षेत्र के डोभी गांव निवासी राम सूरत (55) शौच के लिए गांव के समीप रेलवे पटरी के पास गया था। इस दौरान जौनपुर की तरफ से आ रही सियालदह एक्सप्रेस के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए है। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

सड़क निर्माण में बंदरबाट से लोग आक्रोशित

तीन दिन पहले बनी सड़क, वार्ड के लोगों के हाथ लगाते ही उखड़ने लगी

मऊ। नगर क्षेत्र के वार्ड-12 निजामुद्दीनपुरा मुहल्ले में तीन दिन पूर्व लाखों की लागत की मरम्मत हुई सड़क को जब वार्ड के लोगों ने हाथ लगाया तो वह उखड़ने लगी। कार्य किस स्तर का है, इस बात से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। पांच दिन पहले नपाध्यक्ष अरशद जमाल द्वारा निरीक्षण में खामी मिलने पर गुणवत्तापूर्वक काम का निर्देश दिया था, बावजूद कार्य पूरा करने में कोई गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया।

चेयरमैन के आदेश को भी ठेकेदार ने धता बता दिया। बतातें चले कि नगर के निजामुद्दीनपुरा मुहल्ले में व्हाइट पैलेस से लेकर ब्रह्मबाबा की चौरी तक 500 मीटर तक सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क पर कई जगहों पर गहरे गढ्डे बन गए थे। नौ लाख 90 हजार रुपये मरम्मत कार्य के लिए जारी किए गए थे। जहां तीन दिन पहले मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है, कार्य के बाद ही कई जगहों पर सड़क खुद से उखड़ने लगी है। शिकायत पर अमर उजाला की टीम ने जब जांच की तो सड़क मरम्मत कार्य की गुणवत्ता में खामियां मिली। मुहल्ले के दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क बेहद खराब बनी है, इस दौरान वार्ड के दीपक ने घटिया कार्य का उदाहरण दिखाने के लिए जब सड़क किनारे से कार्य की गुणवत्ता दिखाने के लिए हाथ लगाए तो वह उखड़ने लगी। वहीं टीम ने इस दौरान सड़क के बीचोंबीच से खुद खुरचकर देखा जहां सड़क की गिट्टिया बड़ी आसानी से उखड़नी लगीं। इस संबंध में वार्ड सभासद राजीव कुमार सैनी ने बताया कि सड़क मरम्मत कार्य बेहद घटिया है, शिकायत भी मैंने ही नपाध्यक्ष और जिम्मेदार अधिकारियों से की थी। बीते 18 मई को नपाध्यक्ष अरशद जमाल ने मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया, जहां खामी मिलने पर इसे बेहतर करने का निर्देश दिया। उनके आदेश को भी ताक पर रख कर मानक के विपरीत घटिया निर्माण किया गया।

14 दिनों में दूसरी बड़ी लापरवाही : मानक को ताक पर रखकर सड़क निर्माण में घटिया काम का यह पहला मामला नहीं है, 13 दिन पहले यानी बीते नौ मई को ऐसा ही मामला वार्ड-1 गालिबपुर में उजागर हुआ था। यह लापरवाही खुद नपाध्यक्ष अरशद जमाल ने पकड़ी। इस दौरान नपाध्यक्ष के जांच में 37-37 लाख रुपये से बन रही निमार्णाधीन सड़क के किनारी सतह को ईंट से मारने पर ही आरसीसी सड़क टूटने लगी थी, घटिया निर्माण कार्य देख चेयरमैन का पारा चढ़ गया था। उन्होंने कार्य के भुगतान को रोकने के साथ ही जांच के लिए एक टीम गठित की थी।

इंडी गठबंधन एक ही थाली के चट्टे-बट्टे : मोहन यादव

आजमगढ़। भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में शामिल होने जनपद पहुंचे मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस, सपा और टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। यही कारण है कि सभी इकट्ठा होकर देश में तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं।

यह लोग एससी-एसटी वर्ग के लोगों के अधिकारों को काटकर मुस्लिम समाज को देने की वकालत कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने दो बार लोकसभा और बाहर कहा था कि देश में पहला हक मुस्लिम समाज के लोगों का है। इंडी गठबंधन के लोग चाहते हैं कि एससी-एसटी वर्ग से भी पहले स्थान पर मुस्लिम समाज को रखना। यह सभी इसी मानसिकता के लोग हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ओबीसी के आरक्षण काट कर मुस्लिम समाज को देने की वकालत कर रही हैं। इसी में अपना भविष्य देख रही हैं। कांग्रेस में एक ही परिवार की चार पीढ़ियों को देश की सेवा करने का मौका मिला। देश से गरीबी कम करने के नाम पर राजनीति करते रहे, लेकिन कम नहीं हुई। 2014 में देशवासियों ने देश की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंपी। उसके बाद देश में 25 करोड़ और मध्यप्रदेश में 2 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया और आगे भी उस पर काम किया जा रहा है। देश में एससी-एसटी वर्ग के आरक्षण काट कर मुस्लिम समाज को देने वाली बात पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही राहुल गांधी को एससी-एसटी समाज से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 400 पार रहेगी।

गेहूं की कम खरीद पर बी पैक्स के दस सचिवों का रुका वेतन

आजमगढ़। जिले में गेहूं की खरीद लगभग समाप्ति की ओर है लेकिन लक्ष्य के सापेक्ष कोई भी क्रय एजेंसी गेहूं की खरीद नहीं कर सकी। इसमें सबसे खराब स्थिति क्रय केंद्र बहुउद्देशीय ग्रामीण साधन सहकारी समिति (बी पैक्स) की रही। कम खरीद पर जहां समिति के 10 सचिवों का वेतन रोक दिया गया है। वहीं गेहूं खरीद में खराब प्रदर्शन करने वाली पांच समितियों को भविष्य में क्रय केंद्र न बनाने के लिए चिह्नित किया गया है। जिले को इस बार 94700 एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था। लक्ष्य को पूरा करने के लिए खाद्य विभाग, पीसीएफ और भारतीय खाद्य निगम के कुल 84 क्रय केंद्र खोल गए थे। इसमें पीसीएफ के 58 क्रय केंद्र थे। इस बार गेहूं की खरीद एक माह पूर्व यानि एक मार्च से ही शुरू हो चुकी थी। कम क्रय केंद्र होने के बाद भी खाद्य विभाग और भारतीय खाद्य निगम ने खरीद में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन पीसीएफ का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा। पीसीएफ के 58 क्रय केंद्रों पर 58000 एमटी लक्ष्य के सापेक्ष महज 7311 एमटी ही गेहूं की खरीद की गई। खरीद की स्थिति ठीक न होने पर संभागीय खाद्य नियंत्रक ने पीसीएफ के जिला प्रबंधक और ए आर सहकारिता को नोटिस जारी किया गया है। हालांकि एआर सहकारिता को अभी नोटिस मिली नहीं है।

लेकिन एआर सहकारिता ने कम खरीद पर जहां समिति के 10 सचिवों का वेतन रोक दिया गया है वहीं गेहूं खरीद में खराब प्रदर्शन करने वालीं जमीरपुर, सुम्हाडीह, जिगनी, ओघनी समेत पांच समितियों को भविष्य में धान व गेहूं क्रय केंद्र न बनाने के लिए चिह्नित किया गया है।

तीन कर्मचारियों पर होगी प्रशासनिक कार्रवाई : गेहूं खरीद स्थिति खराब मिलने पर पीसीएफ के तीन क्रय केंद्रों के कर्मचारियों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। एआर सहकारिता अजय कुमार ने बताया कि पीसीएफ के तीन क्रय केंद्र के कर्मचारियों पर प्रशासनिक कार्रवाई के लिए पीसीएफ के जिला प्रबंधक को पत्र भेजा है। गेहूं खरीद ठीक न पाए जाने पर 10 सचिवों का वेतन रोका है। साथ ही सबसे कम खरीद करने वाली पांच समितियों को चिह्नित किया गया है। इन समितियों को भविष्य में गेहूं या धान खरीद के लिए क्रय केंद्र नहीं बनाया जाएगा। खाद्य विभाग की कोई नोटिस अभी तक हमें नहीं मिली है। - अजय कुमार, एआर सहकारिता।

पंजाब के लिए निकला एल्यूमिनियम लदा ट्रक रास्ते से गायब

आठ माह में तीसरी बार हुई घटना, 76 लाख का था माल

सोनभद्र। नगर के निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान हिंडाल्को इंडस्ट्रीज से लुधियाना के लिए निकला एल्यूमिनियम लदा ट्रक लापता हो गया है। ट्रक पर करीब 21.165 मिट्रिक टन एल्यूमिनियम लदा था, जिसकी कीमत 76 लाख रुपये हैं। काफी तलाश के बाद भी कहीं पता न चलने पर केस दर्ज कराया गया है। पुलिस लापता ट्रक की तलाश में जुट गई है। पिछले आठ माह में एल्यूमिनियम लदा ट्रक आधे रास्ते से गायब होने की यह तीसरी घटना है। मुर्धवा स्थित एक्जिम लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी देवेंद्रनाथ मिश्रा ने पिपरी थाने में दी तहरीर में बताया कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से वाणिज्यिक एल्युमिनियम उत्पादों से निर्मित सीट्स, रॉड्स व कोयला आदि के परिवहन के लिए एक परिवहन अनुबंध किया गया है।

इस अनुबंध के अनुसार एक ट्रक को परिवहन के लिए मुर्धवा स्थित चौधरी रोड लाइंस के मालिक सुमेर चौधरी से लिया गया था। इस ट्रक को 11 मई को एल्युमिनियम लादकर पंजाब के लिए रवाना किया गया। आधे रास्ते जाने के बाद ट्रक का पता नहीं चल रहा। ट्रक चालक व मालिक का नंबर भी बंद आ रहा है।

तहरीर में बताया कि ट्रक चालक पंजाब के बटाला निवासी मनदीप सिंह और मालिक गुरदासपुर निवासी चमकौर सिंह ट्रक के साथ गए थे। दोनों के मोबाइल भी बंद हैं। ट्रक पर लगा जीपीएस का भी करनाल और घरौंदा टोल प्लाजा के बीच में अंतिम लोकेशन दिख रहा है।

तहरीर में लिखा कि ट्रक पर लोड कुल 21.165 मिट्रिक टन एल्यूमिनियम का कुल मूल्य 76 लाख 59 हजार 389 रुपये है। पिपरी एसओ राजेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर ट्रक मालिक व चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

स्टार्टर में उतर रहे करंट से युवक की मौत

बलरामपुर। सिधारी थाना क्षेत्र के हुसैनगंज में देर शाम मोटर के स्टार्टर में उतर रहे करंट की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हुसैनगंज निवासी सुनील कुमार गुप्ता (36) शाम को घर पर लगे पानी के मोटर का स्टार्टर आन करने गया। स्टार्टर में करंट उतर रहा था और सुनील करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे इलाज के लिए परिजन जिला अस्पताल ले कर जाए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन पुत्रों का पिता था और भंवरनाथ में प्लास्टिक के सामानों की दुकान करता था।

ऐश्वर्या, कियारा और उर्वशी ने ढाया कहर

पेरिस। 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ऐश्वर्या राय बच्चन अपना जादू चला रही हैं। दूसरे दिन उन्होंने अपने स्टाइलिश लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ऐश्वर्या राय ने चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले दिन के लुक से खूब लाइमलाइट बटोरी तो वहीं अब एक्ट्रेस के दूसरे दिन का लुक भी चर्चा में बना हुआ है। अपनी खूबसूरती ही नहीं बल्कि फैशन सेंस के लिए भी दुनियाभर में मशहूर ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन बहुत ही यूनिक गाउन पहना हुआ था। पिछले 22 साल से कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टाइल और डिफरेंट आउटफिट से लोगों का दिल जीतने वाली भारतीय अभिनेत्री ऐश्वर्या राय का दूसरे दिन का लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एकदम नए लुक में नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या ने कांस के सेकंड डे अपीयरेंस में सिल्वर और ब्लू कलर का गाउन पहना था, जिसमें वह बला की खूबसूरत दिख रही हैं।

रौतेला पिंक गाउन में दिखीं सुपर स्टाइलिश

इन-दिनों उर्वशी रौतेला कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए फ्रेंच रिवेरा में हैं। एक्ट्रेस ने रेड कार्पेट पर वॉक किया। पिंक गाउन में वह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। उर्वशी रौतेला ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में खालिद एंड मारवान लेबल की ओर से डिजाइन किए गए गुलाबी गाउन में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की। गाउन के चारो ओर फेदर लगे हुए थे, वहीं उन्होंने माथे पर हेयरबैंड लगाया हुआ था।

यूनिक गाउन से खींचा ध्यान

पहले दिन मोनोक्रोमैटिक गाउन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचने वाली ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन अपने सिल्वर और ब्लू कलर के यूनिक गाउन में अपनी अदाओं से एक बार फिर महफिल लूट ली। एक हाथ में चोट लगे होने के बावजूद ऐश्वर्या राय बच्चन ने रेड कार्पेट पर अपने लुक्स से सभी को दीवाना बना दिया।

आन्या टेलर जॉय-क्रिस हेम्सवर्थ ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

वियतनाम में पांच मंजिला इमारत में आग

14 की मौत; सबसे पहले गैरेज में धमाका हुआ, यहां ई-बाइक रिपेयर और चार्ज होती थीं

हनोई। वियतनाम की राजधानी हनोई में गुरुवार (23 मई) की देर रात एक इमारत में आग लग गई। इसमें 14 लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। न्यूज एजेंसी अत्र्ह्व के मुताबिक, ये घटना स्थानीय समयानुसार रात 12:30 बजे (भारतीय समय के मुताबिक रात 11 बजे) घटी। सबसे पहले इमारत के सामने वाले गैरेज में धमाका हुआ था फिर आग लगी थी। यहां इलेक्ट्रिक बाइक और चार्ज सिस्टम लगा हुआ था, जिससे आग भड़ गई।

आग इतनी भयानक थी की इसकी चपेट में आस-पास की इमारत भी आ गई। जिस जगह आग लगी थी, वे 2 मीटर की सकरी गलियां थी, जिससे दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी दिक्कत हुई। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, इमारत पांच मंजिला थी। आग लगने से पहले एक विस्फोट की आवाज सुनाई दी। रेस्क्यू टीम ने सीढ़ियों के जरिए लोगों को बहार निकाला। रेस्क्यू टीम ने बताया कि उस इमारत में 24 लोग थे, जिनमें से इमारत के मालिक के परिवार के सात सदस्य और 17 किराएदार थे। इलेक्ट्रिक बाइक की बैटरी में आग की वजह यह पास की इमारत में फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे लोग अक्सर गैरेज में बाइक चार्ज करने आते थे। वियतनाम सरकार ने मृतकों के परिवारों को मुआवजे के तौर पर 1 लाख 63 हजार रुपए और घायलों को 1 लाख 47 हजार रुपए देने की घोषणा की है। इस साल वियतनाम में कुल 1,555 आग लगने की घटनाएं हुईं, जिनमें 28 लोग मारे गए और 26 अन्य घायल हो गए।

चीनी अस्पतालों की बदहाली दिखाने वाली जर्नलिस्ट रिहा

बीजिंग। चीन में कोरोना का खुलासा करने वाली जर्नलिस्ट जांग जैन (40) को 4 साल बाद रिहा कर दिया गया है। उन्हें पिछले सप्ताह रिहा किया गया। हालांकि, उनसे संपर्क नहीं हो पाया था। अब उन्होंने एक वीडियो जारी कर अपनी रिहाई की जानकारी दी है और लोगों को धन्यवाद कहा है। 31 सेकेंड के इस वीडियो में जांग ने बताया कि उन्हें 13 मई की सुबह रिहा कर शंघाई में भाई के घर भेज दिया गया। वह इससे ज्यादा कुछ नहीं बता सकती हैं। जांग को वुहान में कोरोना की रिपोर्टिंग करने के कारण गिरफ्तार किया गया था। जांग जैन चीन की उन पत्रकारों में से एक हैं, जिन्होंने वुहान के वीडियो वायरल किए। इन वीडियो में वुहान के अस्पतालों में मरीजों की खराब हालत को दिखाया गया था। जांग ने अपने एक वीडियो में कहा था कि वुहान की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लगता है उसे लकवा मार गया है।

बोर्ड ने भारत के कोच के पद के लिये किसी पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क नहीं किया : शाह

मुंबई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को इन दावों का खंडन किया कि बोर्ड ने किसी पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से भारत का मुख्य कोच बनने के लिये संपर्क किया है। अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के बाद मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो रहा है। समझा जाता है कि द्रविड़ ने बोर्ड को बता दिया है कि वह कार्यकाल में और विस्तार नहीं चाहते। आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर ने दावा किया है कि उन्होंने इस पद की पेशकश ठुकरा दी है। शाह ने एक बयान में कहा, मैंने या बीसीसीआई किसी ने भी किसी आस्ट्रेलियाई पूर्व क्रिकेटर से कोच के पद के लिये संपर्क नहीं किया है। मीडिया में चल रही इस आशय की खबरें सरासर गलत हैं। पोंटिंग और लैंगर इंडियर प्रीमियर लीग में क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और

लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच हैं। द्रविड़ के बाद भारतीय कोच ही चुनने का संकेत देते हुए शाह ने कहा , राष्ट्रीय टीम के लिये सही कोच तलाशना लंबी प्रक्रिया है । हम ऐसे व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट के ढांचे की गहरी समझ हो और अपने हुनर से शिखर तक पहुंचा हो ।

बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा कि अगले कोच की नियुक्ति के लिये भारत के घरेलू क्रिकेट ढांचे की समझ होना महत्वपूर्ण है। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर और पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को भी इस पद के प्रमुख दावेदारों में माना जा रहा है ।

भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी विश्व कप दूसरे चरण के फाइनल में

येचियोन। ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई। कंपाउंड महिला टीम बुधवार को ही फाइनल में पहुंच गई थी। ज्योति , परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं । विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए मेजबान देश के हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158 . 157 से हराया ।

आत्मघाती हमले में मारे गए लोगों का मुआवजा भरेगा पाकिस्तान

लाहौर। पाकिस्तान ने एक आत्मघाती हमले में मारे गए चीनी इंजीनियरों के परिजन को मुआवजा देने का फैसला किया है। पाकिस्तानी वेबसाइट द डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब की अध्यक्षता में एक बैठक में ये फैसला किया गया।

26 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शांगल में चीनी नागरिकों के काफिले पर एक आत्मघाती हला हुआ था। इसमें हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार चीनी नागरिकों के काफिले में घुसा दी थी। इसमें 5 चीनी इंजीनियरों समेत एक पाकिस्तानी ड्राइवर की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि इस हमले का प्लान अफगानिस्तान में बना था और हमलावर का संबंध

भी वहीं से था। हालांकि, तालिबान प्रशासन ने इससे साफ इनकार किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त मंत्रालय की द इकॉनमिक कोऑर्डिनेशन कमेटी ने सद्भावना के तौर पर चाइन गेझोउबा ग्रुप के इन इंजीनियरों को ये मुआवजा देने का फैसला किया है। प्रत्येक इंजीनियर के परिजन को 5,16,000 अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे। बीजिंग में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास जल्द से जल्द ये रकम इनके खातों में पहुंचाएगी। वित्त मंत्रालय ने ये भी कहा कि इस हादसे में मारे गए पाकिस्तानी ड्राइवर को 25 लाख पाकिस्तानी रुपये दिए जाएंगे। दरअसल पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले नई बात नहीं है। पाकिस्तान सरकार कई बार चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का वायदा कर चुका है। बावजूद उन पर हमले नहीं रुक रहे हैं। इसे लेकर चीन कई बार नाराजगी भी जता चुका है। 2013 में 9 चीनी नागिरकों की मौत के एक साल बाद पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने चीन के नागरिकों की सिक्योरिटी के लिए स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट बनाई थी। तब इसमें 3,500 के करीब सिक्योरिटी अधिकारी थे जो कि पाक फौज से जुड़े हुए थे। अभी इसमें करीब 7 हजार सिक्योरिटी ऑफिशियल्स शामिल हैं।

पापुआ न्यू गिनी में लैंडस्लाइड

काओकलाम। पापुआ न्यू गिनी के काओकलाम गांव में लैंडस्लाइड से 100 से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया अइउ के मुताबिक, लैंडस्लाइड पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर एंगा प्रांत के गांव में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब तीन बजे हुआ। मौके पर रेस्क्यू टीम पहुंच चुकी है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, काओकलाम में पहाड़ के खिसकने से ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पूरा गांव सो रहा था इसलिए उन्हें बचने का मौका नहीं मिला। वहां कई लोग अभी भी जमीन के नीचे दबे हुए हैं। इसके अलावा, लैंडस्लाइड ने काओकलाम गांव से शहर जाने वाले रास्ते को भी ब्लॉक कर दिया है। पापुआ न्यू गिनी की सरकार ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों से मदद करने की अपील की है। काओकलाम के निवासी निंगा रोल ने अइउ को बताया कि इस लैंडस्लाइड में उनके परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई है।

बांग्लादेशी सांसद मर्डर, हनी ट्रैप एंगल से भी जांच

ढाका। बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के मर्डर मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार एक आरोपी जिहाद हवलदार के हवाले से बताया, 'सांसद की हत्या के बाद उनके शरीर से चमड़ी हटाई गई, मांस निकाला गया और फिर लाश के टुकड़े किए गए। इन टुकड़ों को बैग में भरकर शहर के अलग-अलग इलाके में फेंका गया।'

हालांकि, पुलिस को अब तक उनकी लाश या उनकी बॉडी के टुकड़े नहीं मिले हैं। पुलिस पिछले 2 दिन से कोलकाता के अलग-अलग इलाकों में इनकी तलाश कर रही है। अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि सांसद की हत्या में कितने लोग शामिल हैं।

अब तक 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हई है। इनमें से 3 आरोपियों को ढाका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं, एक आरोपी जिहाद हवलदार को



कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में स्थित अपार्टमेंट के एक फ्लैट के बाहर का उउळश फुटेज भी सामने आया है। इसमें बांग्लादेशी जिहाद हवलदार समेत दो आरोपी प्लास्टिक बैग और सूटकेस ले जाते दिखाई दे रहे हैं। यह वही फ्लैट है, जहां सांसद अनवारुल को आखिरी बार देखा गया था। 22 मई को पुलिस इस फ्लैट में छानबीन के लिए पहुंची थी। उन्हें यहां खून के धब्बे भी मिले थे। अनवारुल इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आए थे। इसके अगले दिन ही वे लापता हो गए थे। अब पुलिस इस मामले में हनी ट्रैप वाले एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस को शक है कि अनवारुल की हत्या में एक महिला भी शामिल है, जिसने बांग्लादेश के सांसद को अपने जाल में फंसाया और कोलकाता बुलाया। पुलिस ने गुरुवार को बताया था कि प्राइमरी इन्वेस्टिगेशन में सामने आया था कि बांग्लादेशी सांसद का मर्डर उनके अमेरिकी दोस्त अख्तरुज्जमां ने कराया। इसके लिए 5 करोड़ रुपए की सुपारी दी गई। अख्तरुज्जमां का कोलकाता में ही एक फ्लैट भी है। पुलिस को अख्तरुज्जमां की लोकेशन नहीं पता है लेकिन उनका मानना है कि वो फिलहाल अमेरिका में है। पुलिस ने कहा अख्तरुज्जमां और शिलास्ती पहले से एक-दूसरे को जानते हैं और सांसद की हत्या के मास्टरमाइंड हो सकते हैं।

नागल का सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में खाचानोव से

पेरिस। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा। दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है । वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरूष खिलाड़ी बने। वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं । उन्हें मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में होल्गर रूने ने हराया । इसके बाद वह बोर्डो चैलेंजर और जिनीवा ओपन में भी पहले दौर में हार गए । वहीं खाचानोव ने फरवरी में कतर ओपन 250 जीता और इस सत्र में उनका रिकॉर्ड 21 . 7 का है ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक- डॉ. वरुण कुमार उपाध्याय द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा.लि.,जी.टी. रोड रोहनियां, वाराणसी से मुद्रित कराकर एन 8/250 टी 24ए, राजेन्द्र विहार कॉलोनी, सुन्दरपुर, वाराणस-221005 से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक- *प्रवीण कुमार राय*
RNI No. : UPHIN/2023/84879 Mob. - 9335988525 Email : pdnewsvns@gmail.com
समस्त विवादों का निस्तारण वाराणसी न्यायालय के अधीन ही होंगे। खबरों के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेदार होंगे।

परिवर्तन दूत

स्कॉर्पियो में महिला से तमंचे के बल पर दरिंदगी

लखनऊ से बैठाया, चार किमी बाद बोला- चुप रहो नहीं तो जान से मार दूंगा

लखनऊ। राजधानी में एक महिला से चलती कार में रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने तमंचे के बल पर रेप किया। महिला के विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। मामला 1 अप्रैल की रात का है। पीड़िता ने करीब 50 दिन बाद लखनऊ पुलिस को एक पत्र भेजा है।

पीड़िता का कहना है कि उस रात रेप के बाद दबंग सुबह सूनसान जगह पर उतारकर फरार हो गए थे। चिनहट थाने के एसएचओ अवनीश कुमार चतुर्वेदी ने कहा है कि मामला संज्ञान में आया है। शिकायत पत्र की जांच कराई जाएगी और महिला को थाने बुलाकर पूछताछ करेंगे।

महिला ने शिकायत पत्र में लिखा : 'मैं बहराइच की रहने वाली हूं। लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में हमारे रिश्तेदार रहते हैं।



यहां रिश्तेदार के घर आई थी। करीब 10 बजे बहराइच के लिए निकली। कमता चौराहे पर नीलकंठ रेस्टोरेंट के पास गाड़ी का इंतजार कर रही थी। तभी एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो आकर रुकी। उसमें 2 लोग सवार थे। पूछा कहां जाना है? मैंने बहराइच बताया। दोनों ने कहा बैठ जाओ, गाड़ी वहीं जा रही है छोड़ दूंगा। पहले मैंने मना किया। तब उन दोनों ने कहा डरो मत। हम इसी रोड पर चलते हैं। मैं बैठ गई। गाड़ी कमता चौराहे से 3 किमी आगे मटियारी चौराहे पर पहुंची। उन्होंने गाड़ी को देवा रोड की तरफ घुमा दिया। मैंने पूछा कहां ले जा रहे हो? बहराइच का रास्ता तो सीधे जाता है। वो दोनों डराने-धमकाने लगे। तमंचा निकालकर मेरे माथे पर लगा दिया। बोला चुप रहो, जहां ले चल रहा हूं चलो...वर्ना जान से मार दूंगा। मैं घबरा गई। आरोपी ने सूनसान इलाके ले जाकर गाड़ी रोक दिया। पीछे वाली सीट पर आके बगल में बैठा और टच करने लगा। मैं जोर-जोर से चिल्लाना चाही, लेकिन गाड़ी का शीशा बंद था। उसने पहले मेरा मुंह दबाया। फिर मुझे जोर से तीन थप्पड़ मारे। इसके बाद तमंचा निकाला और माथे पर रखकर कहा कपड़े उतारों नहीं तो अभी खत्म कर दूंगा। गाड़ी ड्राइवर को आरोपी संजीव नाम से पुकार रहा था।

आरोपी का आधार कार्ड सीट पर गिरा : रेप पीड़िता की मानें तो जिस समय उसके साथ रेप हुआ। वो बेसुध और परेशान थी और रो रही थी। उसी समय उसकी सीट पर आरोपी का आधार कार्ड पड़ा मिला। उसने चुपके से उसका आधार उठाया और अपने पास रख लिया। आधार कार्ड में आरोपी का पता लिखा था। भारत राय पुत्र राम प्रकाश राय मकसूदपुर सोहावल, गाजीपुर। मेरा पास वो आधार कार्ड ही आखिरी उम्मीद थी। जिसके सहारे में आरोपी को सलाखों के पीछे भेज सकती हूं। आरोपियों ने सुबह मुझे टेल्को के पास फेंक दिया। मैं बेसुध जैसी हो गई थी। पूरा इलाका सूनसान था। रास्ता भी समझ नहीं आ रहा था। थोड़ी देर तक चलने के बाद कुछ लोगों की आवाजाही दिखी। उन लोगों से थाने का रास्ता पूछा। महिला थाने पहुंचकर मेरे साथ हुई वारदात के बारे में बताया। लेकिन वहां किसी ने नहीं सुना। मुझे थाने से भगा दिया गया। लखनऊ के एसपी अनिद्य विक्रम सिंह, ने कहा कि महिला से रेप का मामला संज्ञान में आया है। हालांकि अभी लिखित शिकायत नहीं आई है। सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे शिकायती पत्र की जांच कराई जाएगी।

महिला ई-रिक्शा चालक ने जीता ब्रिटेन का शाही पुरस्कार

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 18 साल की आरती सरकारी योजना के तहत पिंक ई-रिक्शा चलाने का काम करती हैं। उन्हें लंदन में एक शाही पुरस्कार से नवाजा गया है। जिसका नाम है, "अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार". बकिंघम पैलेस में हुए स्वागत समारोह में आरती पिंक ई-रिक्शा में ही बैठकर गईं। किंग चार्ल्स क्क्क से भी मुलाकात हुई। आरती ने बताया कि राजा ने उनके परिवार को अपना नमस्ते भेजा है। आरती को अपने काम के जरिए बाकी युवा लड़कियों को प्रेरित करने के लिए इस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पिंक ई-रिक्शा योजना बदलाव लाने के मिशन के साथ महिलाओं को सेफ ट्रांसपोर्ट प्रोवाइड करता है। इतना बड़ा अवार्ड मिलने पर आरती ने कहा, मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं उन अन्य लड़कियों को प्रेरित कर पा रही हूं जो समान चुनौतियों का सामना करती हैं।

गर्भवती महिला को डॉक्टर ने वार्ड से किया बाहर

दो घंटे तक फर्श पर लेटी रही महिला, मेडिकल कालेज के प्राचार्य के दखल के बाद मिला बेड

बहराइच। बहराइच के मेडिकल कालेज में एक गर्भवती महिला के परिजनों ने महिला चिकित्सक पर गर्भवती महिला को वार्ड से बाहर करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि इलाज को लेकर महिला के पति की चिकित्सक से कुछ कहासुनी हुई जिसके बाद डॉक्टर ने गर्भवती महिला को वार्ड से बाहर कर दिया।

महिला दो घंटे तक मेडिकल कालेज के फर्श पर लेटी रही। इसकी जानकारी पर मीडिया कर्मियों ने मौके पर पहुंच मेडिकल कालेज के प्राचार्य को पूरे मामले से अवगत कराया। जिसके बाद महिला को वार्ड में भर्ती किया गया। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौखारा गांव निवासी मोहिनी श्रीवास्तव (22) पत्नी अमरीश चंद्र श्रीवास्तव चार माह की गर्भवती हैं।

महिला की तबीयत खराब होने पर पति ने तीन दिन पूर्व मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जिसे डॉक्टर मेघा देख रही थी। गुरुवार शाम को इलाज को लेकर महिला डॉक्टर और मरीज के पति से कुछ कहासुनी हो गई इससे नाराज चिकित्सक ने महिला को वार्ड से

बेदखल करते हुए बाहर कर दिया। चार माह की गर्भवती अस्पताल के फर्श पर पड़ी दर्द से कराहती रही। लेकिन मरीज को वार्ड में भर्ती नहीं किया गया।

महिला को भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया : इसकी शिकायत भी सीएमएस और प्राचार्य से हुई। लेकिन रात 12 बजे तक मरीज फर्श पर पड़ी रही। इसकी जानकारी होने पर मौके पर काफी संख्या में मीडिया कर्मी पहुंच गए। उन्होंने मेडिकल कालेज प्राचार्य संजय खत्री को इसकी जानकारी दी , जिसके बाद महिला को भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया।

गर्मी में गंगा नहाने गए तीन भाई-बहनों की मौत

कानपुर। जनपद में गर्मी में गंगा नहाने गए तीन भाई-बहनों की डूबने से मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह अरौल थाना क्षेत्र के आकिन घाट पर हुआ। अधिक गहराई में उतरने के चलते तीनों तेज बहाव में आ गए और गंगा में समा गए। चीख-पुकार सुन घाट पर मौजूद लोग और गोताखोरों ने पानी में छलांग लगाई। उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तीनों डूब गए थे। इसके बाद अरौल थाने की पुलिस और अउढ बिल्हौर मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से तीनों के शव को बाहर निकाला। तीनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

जिले में 48 हजार लोगों से शांतिभंग का खतरा

प्रयागराज। 25 मई को मतदान होगा। चुनाव शांतिपूर्ण हो इसके लिए काफी वक्त से प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस हर स्तर पर कार्रवाई कर रही है। माफिया, अपराधी, वांछित, उपद्रवी तत्व चुनाव में हंगामा, बवाल न करें इसे लेकर ज्यादा कसरत की गई।

मतदान से पहले की कार्रवाई पर नजर डालें तो प्रयागराज पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 48000 लोगों को पाबंद किया है। यानी इन सबके खिलाफ शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई हुई है। शांतिभंग -107/16 की नोटिस, चालान मिलने के बाद हर कोई जमानत करा रहा है। जिला मजिस्ट्रेट के यहां पेश होकर हलफाना आदि दे रहे हैं। बता रहे हैं कि वह मतदान के दौरान किसी प्रकार की बाधा वह नहीं पैदा करेंगे। यह कार्रवाई पुलिस के रिकॉर्ड, थानों में आईं सूचनाओं के आधार पर की गई है। सूचना संकलन के लिए पुलिस के साथ एलआईयू टीमें भी लगी थीं।

हंगामा, बवाल, उपद्रव करने का शक : माना गया कि जो चिन्हित हुए हैं उनसे मतदान के दौरान शांति व्यवस्था को खतरा हो सकता है। इसके साथ ही कमिश्नरेट कोर्ट ने 4200 लोगों को रेड कार्ड जारी किया है। यह कार्रवाई गुंडा एक्ट के मामले में नोटिस जारी कर की गई है। अब यह पेशी पर अपना जवाब देंगे। शांतिभंग की कार्रवाई में हंगामा, बवाल, उपद्रव करने वालों पर तो हुई ही है साथ ही राजनीतिक दलों से जुड़े लोग, पार्षद, पूर्व पार्षद, प्रधान, पूर्व प्रधान, संगठन चलाने वाले, कमेटियों का संचालन करने वाले, मुतवल्ली आदि भी शामिल हैं जिन पर कई कई केस पहले से हैं। साथ ही यह लोग पिछले चुनावों में कहीं न कहीं विवादों में रहे। हालांकि इस बार पुलिस कमिश्नन रमित शर्मा ने सभी आईपीएस, डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी और दरोगाहों के साथ मीटिंग कर साफ किया था कि शांतिभंग की कार्रवाई थाने चौकी में बैठकर न हो। मुहल्लों, गांवों में जाएं। रिपोर्ट तैयार करें। पूछताछ के बाद कार्रवाई करें।

देर रात डीएम-एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

अमेठी। ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर अमेठी प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा जा रहा है। देर रात एसपी-डीएम एक बार फिर जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। दरअसल 20 मई को पांचवे चरण में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को जवाहर नवोदय विद्यालय के स्ट्रांग रूम में रखा गया है। स्ट्रांग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अमेठी प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जायजा लिया जा रहा है।

देर रात डीएम निशा अनंत और एसपी अनूप सिंह जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया और मौके पर तैनात सुरक्षा बलों के जवानों को भी हर समय मुस्तैद रहने का आदेश दिया। अमेठी के गौरीगंज स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम में तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था है। स्ट्रांग रूम के अंदर जहां चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तो स्ट्रांग रूम के बाहर हथियार बंद जवान तैनात हैं। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम के आसपास और मुख्य द्वार पर भी जवान तैनात हैं। बिना सिक्योरिटी जांच के कोई भी व्यक्ति विद्यालय परिसर के अंदर नहीं जा सकता। इसके साथ ही राजनैतिक दलों के कार्यकताओं को भी पास जारी किया गया है। उसी पास को लेकर कार्यकर्ता अंदर जा सकते हैं।

संजय गांधी अस्पताल में कॉर्डियोलॉजी और न्यूरो की सुविधा

बड़े शहरों का नहीं लगाना पड़ रहा चक्कर, अमेठी में ही हो रहा मरीजों का इलाज

अमेठी। अमेठी के हृदय रोगियों और न्यूरो रोगियों को इलाज के लिए अब बड़े शहरों का का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इसके लिए मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में कैथ लैब की स्थापना के साथ ही कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ सत्येंद्र तिवारी की तैनाती की गई है। वहीं न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ सिंह की भी तैनाती की गई है, जो अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं।

अमेठी के मुंशीगंज में स्थित संजय गांधी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ करने के किये कार्डियोलॉजी और न्यूरो विभाग को सक्रिय कर दिया गया है। न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ सिद्धार्थ सिंह की ओपीडी प्रत्येक

बुधवार को संचालित होगा। इसी प्रकार अस्पताल में हृदय रोगियों के उपचार के लिए डॉ सत्येंद्र तिवारी प्रत्येक मंगलवार को अपनी सेवाएं देंगे। वहीं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ के मनोज कुमार की ओपीडी प्रत्येक गुरुवार को चलेगी, जबकि फिजिशियन डॉ नीरज वर्मा प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को ओपीडी में बैठकर मरीजों का उपचार कर रहे हैं।मल्टी स्पेशलिटी विभाग की सुविधाओं को पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ किया गया है। अब जिले के मरीजों को इलाज के लिए पड़ोसी जिलों या फिर बड़े शहरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। डाक्टर सिद्धार्थ सिंह द्वारा संजय गांधी अस्पताल में कई बीमारियों का इलाज किया जा रहा है जैसे सिर दर्द, मिर्गी, लकवा, ब्रेन व इस्पाइन ट्रामा या ट्यूमर, ब्रेन स्ट्रोक। स्पाइन में पानी की थैली तथा पैदाइसी दिमाग व रीढ़ की हड्डी का इलाज। कार्डियोलॉजी विभाग ने डा सत्येन्द्र तिवारी द्वारा एंजियोग्राफी एंजियोप्लास्टी स्टेटिंग पेस मेकर हार्टअटैक चेस्टपेन एनजाइनापेन सिंकोप का इलाज किया जा रहा है। हृदय संबंधित रोगों के इलाज के लिए आधुनिकतम उपकरणों की उचित व्यवस्था अस्पताल में हो गई है। इस संबंध में बताते हुए अस्पताल प्रशासक मनोज मुटटू ने कहा कि विभिन्न सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अस्पताल प्रयत्नरत है। फिलहाल आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए इन हृदयरोग सेवाओं को चालू करने के लिए शासन को प्रार्थना पत्र भेजा जा चुका है और जल्द इन पर भी अन्य विभागों की भांति आयुष्मान स्वास्थ्य सेवाएं प्रारम्भ होने की संभावना है।

संक्षिप्त खबरे...

रोडवेज बस और कार में हुई टक्कर

बहराइच। बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित जरवल कस्बे में शुक्रवार दोपहर रोडवेज की बस व कार में आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर हालत गंभीर होने पर सभी को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। बस के चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है । जरवल चौकी के सामने आज दोपहर दो बजे के करीब लखनऊ से आ रही रोडवेज बस और बहराइच से लखनऊ जा रही कार में आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार अनुराग त्रिपाठी (30) पुत्र अशोक त्रिपाठी निवासी आशियाना लखनऊ की मौके पर ही मौत हो गई। वही उस्मान, ननके, कैलाश, सुनील कुमार व अनिल कुमार घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर देख सभी को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक बृजराज प्रसाद ने बताया कि बस और कार को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि चालक और परिचालक हिरासत में है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी।

चुनाव ड्यूटी में आए होमगार्ड की मौत

सुलतानपुर। सुलतानपुर में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अहिमाने स्थित महर्षि विद्या मंदिर में एक होमगार्ड की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई है। तीन दिन पूर्व वो चुनावी ड्यूटी में मेरठ से जिले में आया था। अचानक उसकी तबियत बिगड़ी और जान चली गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। लोकसभा चुनाव ड्यूटी में आए एक होमगार्ड जवान की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। मृतक की पहचान पवन कुमार के रूप में हुई है। वह पश्चिमी यूपी के मेरठ जिले का निवासी बताया जा रहा है। देहात कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे किनारे महर्षि विद्या मंदिर में तीन दिन पहले आए सुरक्षा कर्मियों की टोली रुकी। जिसमें पवन कुमार भी मौजूद था। गुरुवार की देर रात अचानक पवन कुमार की तबियत खराब हुई। फिर संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। मेरठ जिला निवासी होमगार्ड पवन कुमार की मौत से विभाग मे हड़कंप मचा हुआ है। देहात कोतवाल सतेंद्र कुमार सिंह ने की मौत की पुष्टि की है। बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिलहाल परिवार वाले आ गए हैं, जो शव साथ लेकर जाएंगे।

भंडारा खाने गए युवक पर चाकू से हमला

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में भंडारा खाने गए एक युवक पर मुंह बांधकर आए चार हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। अधिक खून बहने से पीड़ित की हालत बिगड़ गई। जिसके चलते राजकीय मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर ने उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। घटना धम्मौर थाना क्षेत्र के उबारपुर गांव की है। दहलवा गांव का रहने वाला सूरज चौहान (20) पुत्र राज बहादुर मजदूरी करता है। गुरुवार रात वो काम से घर लौटा और फिर लगभग 15 किमी दूर उबारपुर गांव में बाइक से भंडारे में चला गया। घर वापस लौटते समय रास्ते में मुंह पर धाटा बांधे हुए चार अज्ञात हमलावरों ने उसे रोका और चाकू से हमला कर दिया। ग्रामीणों ने उसके परिवार वालों को सूचना दी। परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर उसे सीएचसी भेटुआ पहुंचाया। जहां से युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज के ईएमओ डॉक्टर अबसार अहमद ने बताया कि यहां युवक का प्राइमरी ट्रीटमेंट किया गया, खून अधिक बहने से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने कोतवाली नगर पुलिस को भी घटना की सूचना दी है।

जिले में 1131 केंद्रों पर बने 1899 बूथ पर आज वोटिंग

- 18 लाख अधिक लोग डालेंगे वोट, प्रतिशत बढ़ाने को हुए कई कार्यक्रम

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर में लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को होने वाले मतदान के लिए आज हवाई पट्टी से पोलिंग पार्टियां रवाना हो रही हैं। जिले के 1131 मतदान केंद्रों पर बने 1899 बूथ पर मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि लोकसभा सीट पर 25 मई को होने वाले मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए अकबरपुर नगर स्थित हवाईपट्टी से आज पोलिंग पार्टियां रवाना हो रही हैं। उन्होंने बताया कि 18 लाख से अधिक मतदाताओं के लिए जिले में कुल 1131 मतदान केंद्र और 1899 मतदेय स्थल स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के लिए सर्वाधिक 280 मतदान केंद्रों के लिए कुल 425 पोलिंग पार्टियां, जबकि टांडा में सबसे कम 170 मतदान केंद्रों के लिए 339 पोलिंग पार्टी रवाना होंगी। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र आलापुर के लिए 234 मतदान केंद्रों के लिए 370, जलालपुर के 249 मतदान केंद्रों के लिए 415 व विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर के 198 मतदान केंद्रों के लिए 350 पोलिंग पार्टी रवाना होंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए तमाम जागरूकता कार्यक्रम के बाद जिला प्रशासन ने मतदान करे। इनाम पाओ स्कीम लाई है, जिसमें स्कूटी, जूसर मिक्सर, आयरन प्रेस सहित तमाम आकर्षक पुरस्कार रखा गया है, जो मतदान के बाद लकी ड्रा के माध्यम से दिया जाएगा। इसके लिए चार वर्ग बनाये गये है, जिसमे युवा, महिला, बुजुर्ग और विकलांग वर्ग के 11-11 मतदाताओं को पुरस्कार दिया जाएगा। बीजेपी से रीतेश पांडेय, सपा से लालजी वर्मा और बसपा से कमर हयात अंसारी मैदान में हैं।

पिटाई से घायल सपा कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे गठबंधन प्रत्याशी

अमेठी। मतदान के दिन वोट देने जा रहे सपा नेता की पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा पीड़ित सपा नेता के घर पहुंचे और हर संभव का मदद का आश्वासन दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी ने घायल सपा नेता का संजय गांधी अस्पताल में निशुल्क इलाज करवाने का वादा किया। इसके साथ ही उन पर दर्ज मुकदमे में एसपी से मिलकर मामले में उच्चस्तरीय की मांग करेंगे। दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के शिवली मौजा लाला का पुरवा गांव का है।

यहां गांव के रहने वाले समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश सचिव प्रमोद यादव 20 मई को दोपहर करीब 3 बजे मतदान करने पोलिंग बूथ जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में गांव के ही रामकिशोर सिंह, रंजीत शुक्ला, अनुज तिवारी, महेंद्र शुक्ला और रमेश शुक्ला ने लाठी डंडों से उनकी पिटाई कर दी। पिटाई से प्रमोद के एक उंगली टूट गई जबकि सिर और पूरे शरीर में चोटें आईं। घटना के बाद इलाज करवा कर थाने पहुंचे प्रमोद ने मामले की तहरीर थाने में दी जिसके बाद पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों पर धारा 147 323 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। घायल का हाल-चाल जानने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा आज प्रमोद के घर पहुंचे और उनसे मुलाकात की। किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि उन पर दर्ज हुए क्रॉस मुकदमे में उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर गठबंधन का प्रतिनिधि मंडल एसपी से मुलाकात करेगा। इसके साथ ही प्रमोद का संजय गांधी अस्पताल में निःशुल्क इलाज होगा। वही गांव की एक दलित महिला ने प्रमोद पर छेड़खानी और मारपीट करने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी थी, जिसके बाद प्रमोद पर एससी एसटी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रेमी-प्रेमिका ने सेल्फी ली, फिर किया सुसाइड

मैनपुरी। प्रेमी-प्रेमिका ने सुसाइड कर लिया। शुक्रवार सुबह दोनों के शव गांव के बाहर एक ही रस्सी से लटके मिले। गुरुवार रात 10 बजे दोनों घर से निकले थे। सुसाइड से पहले फेसबुक पर सेल्फी भी पोस्ट की। लड़की 18 साल की और लड़का 20 साल का था। सुबह गांव वालों ने पेड़ पर शवों को लटकते देखा, तो परिवार और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शवों को उतार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शुरूआती जांच में पता चला कि दोनों का अफेयर चल रहा था, लेकिन घरवाले रिश्ते से नाराज थे, इसलिए दोनों ने सुसाइड किया। मामला किशनी थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव का है। प्रेमिका निधि 11वीं में पढ़ती थी, जबकि प्रेमी अंकित मजदूरी करता था। दोनों एक ही जाति के थे। गांव वालों ने बताया, निधि और अंकित का 1 साल से अफेयर चल रहा था। शादी करना चाहते थे, लेकिन घरवालों को रिश्ता मंजूर नहीं था।

डेडलाइन के पांच महीने बाद भी काम अधूरा

- अलीगढ़ में पीएम मोदी ने रखी थी स्टेट यूनिवर्सिटी की नींव, लेटलतीफी पर 1.75 करोड़ जुर्माना

अलीगढ़। जनपद की राजा महेंद्र प्रताप स्टेट यूनिवर्सिटी के भवन निर्माण का काम लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। यूनिवर्सिटी की नींव रखने के बाद कार्यदायी संस्था को 31 दिसंबर 2023 तक पहले चरण का काम पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन संस्था लगातार इस काम में देरी करती जा रही है।

यह हाल तब है, जबकि शासन और प्रशासन लगातार यूनिवर्सिटी के निर्माण काम पर अपनी नजर बनाए हुए है। पीएम मोदी ने लोधा में बनने वाली इस यूनिवर्सिटी की नींव रखी थी। यही कारण है कि यह यूनिवर्सिटी केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सीएम योगी जब भी अलीगढ़ आते हैं, यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करते हैं। फिर भी डेड लाइन के 5 महीने बाद भी यूनिवर्सिटी का काम अधूरा ही है।

22 एकड़ जमीन में हो रहा है निर्माण : लोधा ब्लाक में बनने वाला अलीगढ़ का राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय का निर्माण लगभग 22 एकड़ जमीन में किया जा रहा है। 2021 में ही यूनिवर्सिटी के लिए बजट स्वीकृत हो गया था।

जिसके बाद इसमें एडमिन ब्लॉक एंड लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक-1, एकेडमिक ब्लॉक-2, एकेडमिक ब्लॉक-3, स्पोर्ट्स स्टेडियम, ऑडीटोरियम, प्ले ग्राउंड, गर्ल्स हॉस्टल, फैकेल्टी सेंटर, ब्वाएज हॉस्टल, रेजीडेंशियल क्वार्टर टाइप थ्री, फोर, फाइव, वीसी बंग्ला, सरवेंट क्वार्टर, पुलिस चौकी और बिजली

सब स्टेशन बनना है। अलीगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय की स्वीकृति मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद अलीगढ़ आए थे। 14 सितंबर 2021 को पीएम मोदी ने लोधा में जनसभा की थी। उन्होंने स्टेट यूनिवर्सिटी और डिफेंस कॉरीडोर का शिलान्यास किया था। इसके बाद से यूनिवर्सिटी का काम लगातार जारी है। पीएम के साथ मंच पर सीएम योगी समेत केंद्र और राज्य के कई मंत्री भी मौजूद थे। इसलिए केंद्र और राज्य सरकार की इस प्रोजेक्ट पर सीधी नजर है। जब भी सीएम योगी अलीगढ़ आते हैं वह यूनिवर्सिटी के निरीक्षण के लिए जरूर जाते हैं। इसके बाद भी कार्यदायी संस्था लगातार निर्माण में धीमापन बरत रही है।

यूनिवर्सिटी के निर्माण में कार्यदायी संस्था लगातार काम कर रही है। अधिकारी लगातार संस्था को अल्टीमेटम भी दे रहे थे और मानव बल बढ़ाने के निर्देश दे रहे हैं। जिसके चलते पिछले डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने कार्यदायी संस्था पर 31 अक्टूबर 2022 को कार्रवाई भी की थी। तत्कालीन डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने काम में लापरवाही और धीमी गति के कारण संस्था पर 1.75 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया था। इसके साथ ही उन्हें अतिरिक्त मजदूर लगाकर काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए थे। संस्था को अल्टीमेटम भी दिया गया था। इसके बाद भी संस्था लगातार टाल मटोल कर रही है। जिलाधिकारी विशाख जी. ने पिछले दिनों यूनिवर्सिटी के काम का जायजा लिया।

कर्ज में डूबे ताला व्यापारी ने लगाई फांसी

अलीगढ़। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक ताला व्यापारी ने अपने फ्लैट में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उनका शव अपने ही कमरे में फंदे से लटका मिला। काफी देर तक जब उनका दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के लोगों ने कमरे में देखा तो उनकी चीख निकल गई।

चीख पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग वहां आ गए। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइंस के दोदपुर के आशा प्लाजा अपार्टमेंट निवासी 35 साल के मोहसिन ताले का व्यापार करते थे। तुर्कमान गेट में उनकी ताले की फैक्ट्री थी, जिसे वह खुद ही चलाते थे। वहीं मोहसिन के दो निकाह भी

हुए थे। उनकी एक पत्नी तुर्कमान गेट में ही रहती हैं, जिससे तीन बच्चे है। वहीं उनकी दूसरी पत्नी दोदपुर में उनके फ्लैट में साथ रहती थी। इस पत्नी से उनका एक बेटा है। जब मोहसिन की मौत की खबर फैली तो उनकी दूसरी पत्नी भी दोदपुर पहुंच गई और सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उन्होंने बताया- ताला व्यापारी कर्ज के कारण काफी परेशान चल रहे थे। परिवार के लोगों ने बताया- ताला व्यापारी की तुर्कमान गेट में फैक्ट्री थी। इसे स्थापित करने के लिए उन्होंने लोगों से कर्ज ले रखा था।